प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



चवन्नी को रुपया बना दिया, पर मचा राजनीतिक घमासान पेज- 2

पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 242 | सोमवार 24 अगस्त, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## भारत में विश्व स्तरीय पोत निर्माण केंद्र बनने की पूरी क्षमता : राजनाथ सिंह

(एजेंसी) कोलकाता। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कोलकाता से ऑनलाइन माध्यम से गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) और यंत्र इंडिया लिमिटेड की पांच विस्तार योजनाओं की आधारशिला रखने के अवसर पर कहा कि भारत में पोत निर्माण का वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता है। आधारशिला रखने के लिए आयोजित कार्यक्रम में सिंह के साथ पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद रहे। सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में लगभग 3,500 करोड़ रुपये की लागत वाली पांच परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है। उन्होंने कहा, भारत में पोत निर्माण का वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता है। वैश्विक जहाज निर्माण उद्योग में एक शून्यता आ रही है और भारत इस मौके का लाभ उठा सकता है। इन परियोजनाओं में जीआरएसई की तीन और यंत्र इंडिया की दो विस्तार योजनाएं शामिल हैं। रक्षामंत्री ने कहा, राज्य विकास के एक नए दौर की शुरुआत करने के लिए कदम उठाएगा। पश्चिम बंगाल में कारखानों के बंद होने और तालाबंदी की खबरों की जगह अब नयी परियोजनाओं की शुरुआत ने ले ली हैं। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए जीआरएसई ने युद्धपोत बनाने और उनकी मरम्मत करने की अपनी क्षमता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह, कोलकाता (एसएमपीके) के साथ पट्टा समझौता किए हैं। इस समझौते के तहत हुगली नदी के दोनों किनारों पर दो छोटे शिपयार्ड और रायचक में नदी के किनारे 32 एकड़ जमीन ली गई है। उन्होंने कहा, ये परियोजनाएं जीआरएसई की क्षमताओं को मजबूत करेंगे और साथ ही रोजगार सृजित करके तथा सहायक उद्योगों, खासकर एमएसएमई के लिए अधिक अवसर पैदा करके पश्चिम बंगाल के औद्योगिक पारिस्थितिकी को फिर से खड़ा करने में मदद करेंगे।



# सत्रावसान न होने पर कांग्रेस ने उठाया सवाल

## कहा- सरकार की मंशा कुछ और तो नहीं

(एजेंसी) नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के अवसान में हो रही देरी पर सवाल उठाते हुए, कांग्रेस ने रविवार को पूछा कि क्या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अब भी उस दागदार दो–तिहाई बहुमत की तलाश में हैं, जिससे वे एक विशेष सत्र बुलाकर परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पारित करा सकें। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही 13 अगस्त को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित होने और उसके सत्रावसान (औपचारिक समाप्ति) के बीच आमतौर पर दो से चार दिन का अंतर होता है, हालांकि ऐसे भी कई उदाहरण हैं जब सत्र स्थगन और सत्रावसान एक ही दिन हुए हैं। रमेश ने बताया कि लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित हुए दस दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी भी इसके सत्रावसान के बारे में कोई जानकारी नहीं है। कांग्रेस नेता ने एक्स पर कहा, यह सच है कि 2015 में मानसून सत्र के दौरान यह अंतर 28 दिन का था और 2021 में 20 दिन का। लेकिन तब कोई बुरी मंशा वाली चालें नहीं चली जा रही थीं। रमेश ने कहा, अब इतनी असामान्य देरी क्यों हो रही है? क्या केंद्रीय गृह मंत्री अभी भी उस दागदार दो–तिहाई बहुमत की तलाश में हैं ताकि एक विशेष सत्र में परिसीमन पर संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराया जा सके? उन्होंने सदन के सत्रावसान की प्रक्रिया को समझाने के लिए संसद की कार्य प्रणाली और नियमावली पर आधारित एम.एन. कौल और एस.एल. शकधर की किताब प्रैक्टिस एंड प्रोसीजर ऑफ पार्लियामेंट के एक पेज का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया। पुस्तक में लिखा है, अनुच्छेद 85(2) के तहत राष्ट्रपति के आदेश से सदन के सत्र की समाप्ति को सत्रावसान कहा जाता है। सदन का सत्रावसान करने की शक्ति का इस्तेमाल करते समय राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सलाह पर काम करते हैं। राष्ट्रपति को सलाह देने से पहले प्रधानमंत्री मंत्रिमंडल से सलाह–मशविरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा, सदन का सत्रावसान कभी भी हो सकता है, यहां तक घ्कि सदन की कार्यवाही चलने के दौरान भी। हालांकि, आमतौर पर सदन की बैठक अनिश्चित काल के लिए स्थगित होने के बाद ही सत्रावसान होता है किताब में कहा गया है, सदन के सत्रावसान और नए सत्र के बीच के समय को इंटर–सेशन पीरियड (अंतर–सत्र अवधि) कहा जाता है। कांग्रेस ने पहले कहा था कि यह विपक्ष की कामयाबी थी किदागदार दो–तिहाई बहुमत पाने की कोशिश सफल नहीं हो सकी और परिसीमन से जुड़ा संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं कराया जा सका। दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित होने के बाद रमेश ने कहा था, उनके पास दो–तिहाई बहुमत नहीं है और उन्हें कभी नहीं मिलेगा। कांग्रेस ने पिछले सप्ताह लोकसभा की मौजूदा सीट संख्या 543 को अगले 25 साल तक स्थिर रखने की मांग की और कहा कि महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के लोकसभा चुनावों से लागू किया जाए। विपक्षी पार्टी ने यह बात यहां इंदिरा भवन में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद कही। बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए रमेश ने कहा कि परिसीमन के मामले में, कांग्रेस अगले 25 साल तक लोकसभा सीटों की मौजूदा संख्या 543 को यथावत बनाए रखने के पक्ष में है। रमेश ने कहा, साथ ही, हम इसी संख्या पर महिला आरक्षण लागू करने की मांग करते हैं। बैठक में पारित किए गए एक प्रस्ताव में, सीडब्ल्यूसी ने महिला आरक्षण को तुरंत लागू करने के अपने संकल्प को दोहराया। गत 17 अप्रैल को संसद के बजट सत्र के दौरान, मोदी सरकार को झटका लगा था और लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिला आरक्षण लागू करने के लिए परिसीमन से जुड़ा संविधान संशोधन विधेयक निचले सदन में गिर गया। लोकसभा में विधेयक पर मत विभाजन में भाग लेने वाले 528 सांसदों में से 298 ने इसके पक्ष में वोट दिया, जबकि 230 ने इसका विरोध किया। संविधान संशोधन विधेयक पारित करने के लिए दो–तिहाई बहुमत के हिसाब से 352 सदस्यों के वोट की जरूरत थी।




## राहुल गांधी का पुणे में छात्रों के साथ संवाद राजनीतिक हास्य कार्यक्रम था : बीजेपी

(एजेंसी) मुंबई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के उपाध्यक्ष केशव उपाध्ये ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पुणे में छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम को राजनीतिक हास्य कार्यक्रम करार देते हुए रविवार को आरोप लगाया कि उन्होंने छात्रों से जुड़े मुद्दों पर बात करने के बजाय राजनीतिक बयानबाजी की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के शनिवार को पुणे में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम छात्रों की गूंज पर प्रतिक्रिया देते हुए उपाध्ये ने दावा किया कि कांग्रेस सांसद के बयानों और उनकी पार्टी के पुराने रुख में विरोधाभास है। भाजपा नेता ने एक बयान में यह भी दावा किया कि छात्रों को कॉलेज की बसों से कार्यक्रम में लाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने छात्रों के नाम पर आयोजित कार्यक्रम को राजनीतिक सभा में बदल दिया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी का पुणे कार्यक्रम एक और राजनीतिक हास्य कार्यक्रम था। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेता का भाषण बड़े–बड़े बयानों और चिर–परिचित आरोपों से भरा था, लेकिन उसमें कांग्रेस के अपने रिकॉर्ड का जिक्र नहीं था। उपाध्ये ने महिला आरक्षण पर कांग्रेस के रुख पर सवाल उठाया और आरोप लगाया कि कांग्रेस ने आदिवासी नेता द्रौपदी मुर्मू की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी और तीन तलाक के खिलाफ कानून का विरोध किया था। उन्होंने कहा, मनुवाद खोजने से पहले कांग्रेस को खुद को आईने में देखना चाहिए। भाजपा नेता ने दावा किया कि कांग्रेस नरेन्द्र मोदी सरकार के विकास कार्यों का मुकाबला करने में असमर्थ है और इसलिए जाति तथा धर्म से जुड़े मुद्दे उठाने की कोशिश कर रही है। उपाध्ये ने आरोप लगाया, सत्ता गंवाने की निराशा, चुनावी हार का गुस्सा और मोदी का डर मिलकर राहुल गांधी के इस कथित हास्य कार्यक्रम की वजह बने हैं।



# जंतर-मंतर पर आरक्षण विरोधी प्रदर्शन की अनुमति नहीं

## -दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दी चेतावनी

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रविवार को स्पष्ट किया कि आरक्षण सुधारों को लेकर जंतर–मंतर पर किसी भी व्यक्ति या संगठन को प्रदर्शन अथवा सभा आयोजित करने की अनुमति नहीं दी गई है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे ऐसे पोस्ट और वीडियो को लेकर लोगों को चेतावनी दी है, जिनमें रविवार को जंतर–मंतर पर बड़ी संख्या में जुटने की अपील की जा रही है। पुलिस के अनुसार, नयी दिल्ली जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा पहले से लागू है। बीएनएस की धारा 163 ने भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 का स्थान लिया है। इसके तहत क्षेत्र में विरोध मार्च, जुलूस और प्रदर्शन के अलावा पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी पोस्ट या वीडियो के आधार पर जंतर–मंतर पर एकत्र न हों। साथ ही बिना पुष्टि वाली सामग्री को आगे साझा नहीं करने की सलाह दी गई है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि फर्जी अथवा गुमराह करने वाली जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से केवल आधिकारिक और प्रमाणित स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर भरोसा करने की अपील की है। इससे पहले शुक्रवार को जाति आधारित आरक्षण के विरोध में सैकड़ों युवा जंतर–मंतर पर जुटे थे। पुलिस और सुरक्षा बलों ने देर शाम प्रदर्शनकारियों को वहां से हटा दिया था। रविवार को भी बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना को देखते हुए पुलिस ने पहले ही स्थिति स्पष्ट कर दी। प्रदर्शन में विभिन्न राज्यों से पहुंचे युवाओं ने आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा की मांग उठाई थी। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि आरक्षण का आधार जाति के बजाय आर्थिक स्थिति होना चाहिए। सोशल मीडिया के माध्यम से भी युवाओं को जंतर–मंतर पहुंचने की अपील की गई थी। दिल्ली पुलिस की अनुमति नहीं होने के बावजूद शनिवार को बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी जंतर–मंतर पहुंचे थे। सुरक्षा के मद्देनजर प्रदर्शन स्थल पर दो चरणों में बैरिकेडिंग की गई थी। प्रदर्शनकारियों ने बैनर और पोस्टर के साथ केसरिया तथा तिरंगा झंडे भी ले रखे थे।



## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ के मरवाही में बिजली गिरने से पति-पत्नी की मौत

(एजेंसी) मरवाही छत्तीसगढ़ के गौरेला–पेंड्रा –मरवाही जिले में आकाशीय बिजली गिरने से पतिकृपत्नी की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार रात जिले के मरवाही थाना क्षेत्र के अंतर्गत कटरा ढपनीपानी गांव में आकशीय बिजली गिरने से मंगल सिंह (45) और उसकी पत्नी बिरस्पतिया बाई (40) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि गांव में मंगल बिरस्पतिया के साथ घर पर मौजूद थे। इस दौरान तेज बारिश शुरू हो गई तथा उनके मकान पर आकाशीय बिजली गिर गई। इस घटना में पति पत्नी दोनों वहीं गिर गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाही पहुंचाया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जरूरी कार्रवाई शुरू की है।

### सहस्त्रधारा में नहाने गए दिल्ली के पर्यटक की डूबने से मौत, 2 किमी दूर मिला शव

(एजेंसी) देहरादून। देहरादून के पर्यटन स्थल सहस्त्रधारा में रविवार को स्नान के दौरान डूबने से दिल्ली के निवासी एक पर्यटक की मौत हो गई। एसडीआरएफ के मुताबिक सूचना मिलने पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली गई। तलाशी अभियान चलाया गया, जिसके बाद सहस्रधारा झरने से लगभग दो किलोमीटर दूर पांडववाला पुल के पास पर्यटक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान नैथ राम (50) के रूप में हुई है। बारिश के कारण प्रदेश की सभी छोटी–बड़ी नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। इसी महीने 15 तारीख को भी सहस्रधारा में वीडियो बनाते समय पैर फिसलने के कारण तेज बहाव में बहने से हरियाणा के पानीपत की रहने वाली 25 वर्षीय महिला नेहा आर्य की मौत हो गई थी।

### स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का भंडाफोड़, 21 महिलाओं का रेस्क्यू

(एजेंसी) नई दिल्ली। दक्षिण–पूर्वी दिल्ली के कालकाजी इलाके में कथित देह व्यापार की गतिविधियों की सूचना के बाद दिल्ली पुलिस ने दो स्पा सेंटरों पर छापेमारी कर उसके प्रबंधकों को गिरफ्तार किया और 21 महिलाओं को वहां से बाहर निकाला। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, इन प्रतिष्ठानों में कथित अवैध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद शनिवार को दो अलग–अलग स्पा सेंटरों पर छापेमारी की गई। छापेमारी से पहले पुलिस टीम ने दोनों स्पा सेंटरों में अलग–अलग छद्म अभियान संचालित किए। अधिकारी ने कहा, अलग–अलग छापेमारी में हमारी टीम ने स्पा सेंटरों के दो प्रबंधकों को गिरफ्तार किया। टीम ने दो प्राथमिकियां दर्ज की हैं और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि दोनों प्रतिष्ठानों में कार्रवाई के दौरान 21 महिलाओं को वहां से बाहर निकाला गया।

# रसोइया माताएं-बहनें ‘पीएम पोषण’ की आधारशक्ति, सम्मान से स्वास्थ्य-सुरक्षा तक सरकार प्रतिबद्ध : सीएम योगी

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विद्यालयों की रसोई में जलता चूल्हा केवल भोजन नहीं पकाता, बल्कि लाखों बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य को ऊर्जा देता है। उन्होंने कहा कि अपने श्रम और ममत्व से इस पुनीत दायित्व को निभाने वाली रसोइया माताएं–बहनें ‘पीएम पोषण’ योजना की वास्तविक आधारशक्ति हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की 3.54 लाख मिड–डे मील रसोइयों के लिए कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण का शुभारंभ सम्मान से स्वास्थ्य–सुरक्षा तक सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा है विद्यालय की रसोई में जलता चूल्हा केवल भोजन नहीं पकाता, वह लाखों बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य को ऊर्जा देता है। इस पुनीत दायित्व को अपने श्रम और ममत्व से निभाने वाली हमारी रसोइया माताएं–बहनें श्पीएम पोषणश की वास्तविक आधारशक्ति हैं। उन्होंने आगे लिखा कि आज इन कर्मयोगी रसोइयों के सम्मान के साथ प्रदेश की 3.54 लाख मिड–डे मील रसोइयों के लिए कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण का शुभारंभ होगा। योगी ने कहा कि सम्मान से स्वास्थ्य–सुरक्षा तक की यह पहल हमारी रसोइया माताओं–बहनों के श्रम के प्रति डबल इंजन सरकार की कृतज्ञता और उनके सुरक्षित व सम्मानजनक जीवन के प्रति प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति है। ज्ञात हो कि पीएम पोषण योजना से जुड़े रसोइयों के योगदान को केंद्र में रखते हुए आज लखनऊ में सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में प्रस्तावित इस कार्यक्रम में उनके हाथों मंच पर 11 रसोइयों को सम्मानित किया जाएगा, जबकि प्रदेशभर से 1500 रसोइयों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। खास बात यह है कि इसी दिन जनपद एवं तहसील स्तर पर भी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रसोइया सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रदेशभर में रसोइयों के सम्मान का संदेश एक साथ पहुंचेगा। यह पहल पीएम पोषण योजना को जमीन पर प्रभावी ढंग से पहुंचाने वाले रसोइयों के योगदान को सार्वजनिक पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में प्रदेश के राजकीय, परिषदीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत कार्यरत रसोइयों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। विद्यालयों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने वाले इन रसोइयों को सम्मान देने के लिए राज्य से लेकर स्थानीय स्तर तक व्यापक तैयारियां की गई हैं। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ 23 अगस्त को जनपद एवं तहसील स्तर पर भी रसोइया सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। इनमें सांसद, मंत्री, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन को उपलब्ध सभागारों का उपयोग करते हुए कार्यक्रम आयोजित करने तथा रसोइयों के सम्मान की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों मंच पर 11 रसोइयों को सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 1500 रसोइयों को कार्यक्रम में सहभागी बनाया जाएगा।



# सम्पादकीय

## अखिलेश का दिलचस्प तर्क

समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने बीते दिनों एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तमाम मुद्दों पर बात की। मैं नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूं कि यूपी में मायावती, अखिलेश यादव समेत करीब एक दर्जन नेताओं को बुलेटप्रूफ जैकेट दिए जाने की खबर पर सवाल किया गया तो अखिलेश यादव ने कहा कि मुझे तो अभी तक नहीं मिली है। लगे हाथ यह भी कह दिया कि यदि मिली तो मैं पत्रकारों को दे दूंगा। वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने परिवारवाद को लेकर दिलचस्प टिप्पणी की है। उन्होंने परिवारवाद के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि इसके कुछ फायदे भी हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवाद से फायदा क्या होता है, यह भी समझना चाहिए।



नफीस जाफरी

भाजपा संविधान बदलना चाहती थी, लेकिन जनता ने उन्हें हरा दिया। कई दल टूट गए, लेकिन कभी सोचा है कि समाजवादी पार्टी क्यों नहीं टूटी। ऐसा इसलिए क्योंकि 5 सांसद तो एक ही परिवार के थे। इसके अलावा कुछ मुस्लिम सांसद थे और कुछ पक्के समाजवादी थे। इस तरह हमारा दल टूटने से बच गया। अखिलेश यादव ने इस दौरान यह भी कहा कि आज सच कहने पर पाबंदी है। सपा नेता ने कहा कि कुछ लोग स्कूलों और शिक्षा की हालत दिखाना चाहते थे तो सरकार ने उन पर पाबंदी लगा दी। दूसरों को गुंडा बोलने वाले खुद कितने बड़े गुंडा निकले। सभी पीड़ित दुखी और अपमानित लोगों से एक ही निवेदन है कि वे साइकिल को वोट दें। इंटरनेट, तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में तेजी से बदलाव आ रहा है। यदि हम उस दिशा में काम नहीं करेंगे तो लोगों को रोजगार कैसे मिलेगा। बच्चे इन्हीं सवालों को लेकर निकल रहे हैं। सपा मुखिया ने कहा कि यदि आप बुनियादी सवाल करोगे और उनके जाल में नहीं फंसोगे तो ये आपको टारगेट करेंगे। नई पीढ़ी की आकांक्षाओं के अनुसार काम करना होगा। यदि आप तकनीक नहीं समझते हैं तो फिर पिछड़ जाएंगे। किसानों के लिए एआई का इस्तेमाल क्यों नहीं किया जाता। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी चुनाव में अपनी तैयारी कर रही है। आप जल्दी ही देखेंगे कि हमने अपना काम शुरू कर दिया है। एक जापानी बच्चे के योगी आदित्यनाथ के साथ सेल्फी खिंचवाने वाली बात पर अखिलेश यादव ने कहा कि कल के वीडियो भी मैं देख रहा था उस बच्चे ने थोड़ी भी रिसर्च की होती तो शायद वह मुख्यमंत्री के साथ इतनी हिम्मत नहीं कर पाता सेल्फी लेने की। उन्होंने कहा कि इधर बहुत दिनों से हम लोग देख रहे हैं कि कभी बच्चे गोदी में, कभी बच्चों को खिलाते हुए तस्वीरें आ रही हैं, अच्छी बात है, इसके बाद बहुत फुर्सत मिलेगी बच्चों से बातचीत करने की। और मेरे साथी ने जो पूछा है कि पी का मतलब पाकिस्तान। अगर मैं यूं कहूं भाजपा भाजपा पाकिस्तान। या यूं कहूं कि भाग जाओ पाकिस्तान। अखिलेश यादव ने कहा कि जो सिद्धांत है वो नहीं बदल सकता। सिद्धांत कभी नहीं बदलता। अखिलेश ने कहा कि ये लोग पीडीए से घबराए हुए हैं। इसीलिए पीडीए की परिभाषाएं बदल रहे हैं। जितनी पीड़ा बढ़ेगी उतना पीडीए आगे बढ़ेगा। पीडीए का मतलब ये भी कि प्रेम दया अपनापन। जितना हम समाजवादी लोग मिलकर के प्रेम दया अपनापन से लोगों को जोड़ेंगे उतना ही मजबूत समाजवादी पार्टी होगी और भविष्य में ऐतिहासिक सरकार बनेगी। इस दौरान सपा नेता ने जयंत चौधरी पर बिना नाम लिए की गई टिप्पणी पर उपजे विवाद पर भी जवाब दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि सच बोलना भी ग़लत हो गया है। सच बोलने पर मारे जा रहे हैं। सपा कभी गठबंधन नहीं तोड़ती है, हम साथ निभाने वाले लोग हैं। सच जानना है तो वीडियो देख लेना चाहिए। हमारा जो गठबंधन है, वो बना रहेगा।

# चवन्नी को रुपया बना दिया, पर मचा राजनीतिक घमासान



गुलफिशा खान

राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष जयंत चौधरी ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के सियासी हमले का जवाब दिया है। उन्होंने अखिलेश यादव पर जाट समाज के अपमान का आरोप लगाते हुए कहा, सियासत की जंग में कुछ सस्ते लज ही तो बोलने थे तो मेरा नाम लेकर वो बोल देते, कोई बात नहीं होती। जाट समाज पर निशाना साधना और यह कहना कि हमने एबीसीडी सिखाई। यह अहंकार मैं करीब से देख चुका हूं। ऐसा रवैया आचरण सिर्फ पतन की ओर ले जाता है। मालूम हो समाजवादी पार्टी के प्रमुख और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के एक बयान से उत्तर प्रदेश की सियासत गर्माती नजर आ रही है। उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को लेकर चवन्नी को रुपया बना दिया बयान दिया था। इस मामले में बसपा चीफ और सूबे की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती खुलकर जयंत चौधरी के समर्थन में आ गई हैं। उन्होंने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए तुरंत पूरे जाट समाज से माफी मांगने की बात कही है। मायावती ने अखिलेश यादव के इस बयान को अहंकारी और अलोकतांत्रिक बताया गया है। इस मुद्दे पर यूपी की सियासत गर्माती दिख रही है। गौरतलब है कि बसपा चीफ मायावती ने अखिलेश यादव को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा जैसा कि सर्वविदित है कि समाजवादी पार्टी प्रमुख की तरफ से अपनी पुरानी सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय लोकदल और उस पार्टी के नेता केंद्रीय मंत्री के बारे में यह सार्वजनिक बयान देना कि हमने इनको चवन्नी से रुपया बना दिया है। यह कहना पूरी तरह से अमर्यादित, अशोभनीय और अति–शर्मनाक है। इस प्रकार की अहंकारी व अलोकतांत्रिक बयानबाजी के लिये उन्हें उस पार्टी से व उनके नेता से ही नहीं बल्कि स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के परिवार का अपमान करने हेतु पूरे जाट समाज से भी तुरंत माफी मांगनी चाहिए तो यह उचित होगा। मायावती ने लिखा वैसे देश की राजनीति में सपा का चाल, चरित्र व चेहरा अपने विरोधी पार्टियों के लिये ही नहीं बल्कि अपने सहयोगियों के



लिये भी हमेशा से राजनीतिक संकीर्णता व जातिवादी द्वेष आदि से ग्रसित ज्यादातर अप्रिय और अविश्वसनीय ही रहा है, जिस कारण इसका राजनीतिक एवं चुनावी लाभ भी अक्सर मौकों पर भाजपा ही उठाती रही है और सेक्युलर ताकतें कमजोर होती रहीं हैं। मायावती ने आगे लिखा कि इस पार्टी के इसी प्रकार के अति–अहंकारी स्वभाव के कारण पहले सन 1993 में उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव के साथ सपा और बसपा का बना गठबंधन जल्दी ही टूट गया था। जिसके फलस्वरूप 2 जून 1995 को मेरी हत्या करने के षड़यंत्र के तहत मेरे खिलाफ कुख्यात लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड हुआ।फिर आगे चलकर इनके बेटे अखिलेश यादव की तरफ से इनके पिता की तरह पुरानी गलतियों को फिर से ना दोहराने का आश्वासन देते हुए, लोकसभा का चुनावी गठबंधन हुआ जो चुनाव का नतीजा इनके अनुरूप ना आने की वजह से कुछ समय के बाद ही बसपा के प्रति इनके अहंकारी व स्वार्थी आदि रवैये के कारण फिर यह गठबंधन भी टूट गया, क्योंकि परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के आत्म–सम्मान व स्वाभिमान के कारवां वाली पार्टी बसपा व उसकी नेतृत्व सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की सर्वसमाज हितैषी अंबेडकरवादी नीतियों व सिद्धांतों से कदापि विमुख नहीं हो सकती है। बसपा सुप्रीमो ने लिखा अब संक्षेप में यही कहना है कि यह पार्टी (सपा) गठबंधन के मामले में केवल अपना काम निकालना जानती है। अपना काम निकलते ही फिर यह पार्टी गिरगिट की तरह अपना रंग बदल लेती है तथा दूसरी पार्टी के बारे में अनाप–शनाप भाषा का भी खूब इस्तेमाल करती रहती है, जो कि सपा का पुराना रवैया है. ऐसे में सर्वसमाज के लोग सपा की संकीर्ण व जातिवादी राजनीति से जरूर सावधान रहें। वहीं दूसरी ओर मायावती ने अखिलेश यादव के पीडीए पर भी निशाना साधा है। उन्होंने लिखा इसके साथ ही, यह बात भी जग–जाहिर है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए अपने पीडीए में से पी को कभी पिछड़ा वर्ग, तो कभी पी को पंडितों का हितकारी बता देते हैं, जबकि इनके बारे में सच्चाई तो यह है कि वे पिछड़े वर्गों में अपनी खुद की जाति के अलावा बाकी पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों तथा अपर कास्ट समाज में से खासकर ब्राह्मण समाज के भी कतई हितैषी नहीं रहे हैं। इतना ही नहीं, बल्कि इस पार्टी (सपा) की सभी रही सरकारों में दलितों, पिछड़ों, अकलियतों और अपरकास्ट समाज में से विशेषकर ब्राह्मण समाज का भी काफी शोषण व उत्पीड़न आदि किया गया है। ना ही इनके हितों में कोई भी सकारात्मक कदम उठाए गए हैं, बल्कि इनकी सरकार में वास्तव में केवल गुंडों, बदमाशों, माफियाओं व अन्य अराजक तत्वों का ही भला हुआ है और साथ ही इनकी सरकार में दिन–छिपने के बाद हमारी बहन–बेटियां भी घर से बाहर नहीं निकल सकती थीं। ऐसे में सर्वसमाज के लोग उत्तर प्रदेश आगामी विधानसभा आम चुनाव में इस पार्टी (सपा) को सत्ता में कतई भी ना आने दें, जो उनके हित में होगा।

# पंजाब चुनाव से पहले सिख दंगों की गूंज के मायने



फरीद वारसी

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने हाल ही में हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की एक मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया था। पंजाब विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच उनका उस बैठक से दूरी बनाना कई को हैरान कर गया। अब चरणजीत सिंह चन्नी ने खुद ही अपनी अनुपस्थिति पर जवाब दिया है। उन्होंने बताया है कि आखिर वे किस वजह से बैठक में शामिल नहीं हो पाए। मीडिया से बात करते हुए पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि मैंने पार्टी हाईकमांड से पहले ही इजाजत ले ली थी, मुझे अपनी पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में एमए की परीक्षा में शामिल होना था। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक तो लगातार होती रहती है। इसी वजह से मैंने आलाकमान को पहले ही सूचित कर दिया था और परीक्षा में शामिल होने की इजाजत मांगी थी। चन्नी ने आगे कहा कि वे आगे जरूर कांग्रेस की बैठक में शामिल होंगे। उनके मुताबिक अगर वे इस समय परीक्षा छोड़ देते तो उनकी डिग्री की पढ़ाई पूरी नहीं हो पाती और वे एक साल पीछे हो जाते। उन्होंने यह भी बताया कि जिस विषय पर वे इस समय रिसर्च कर रहे हैं, वो भी काम फिर टल जाता। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने जानकारी दी है कि पंजाब यूनिवर्सिटी के साथ उनका नाता काफी पुराना है और उन्हें इस पर गर्व भी महसूस होता है। उनके मुताबिक उन्होंने इसी यूनिवर्सिटी से कई एकेडामिक प्रोग्राम में हिस्सा लिया है। एमए परीक्षा के तहत भी वे 20 परीक्षाएं दे चुके हैं। अब बात अगले साल होने वाले पंजाब विधानसभा चुनावों की तो मालूम हो कि पंजाब में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों से ठीक पहले राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार के निधन के बाद शुरू हुआ यह विवाद अब आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के बीच एक तीखे राजनीतिक संग्राम में बदल गया है। 1984 के सिख विरोधी दंगों में सजा काट रहे सज्जन कुमार से जुड़े बयानों ने चुनावी माहौल को और भी गरमा दिया है। मालूम हो कि पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान भीड़ को उकसाने और हिंसा में शामिल होने के गंभीर आरोपों में घिरे रहे। वर्ष 2018 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के बरी करने के फैसले को रद्द करते हुए, दिल्ली कैंट के राज नगर इलाके में पांच सिखों की हत्या और गुरुद्वारे को जलाने के मामले में उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई। इस सजा के बाद उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। उम्रकैद काट रहे सज्जन कुमार का 20 अगस्त 2026 को 84 वर्ष की आयु में सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया।



सज्जन कुमार के निधन के बाद विवाद तब गहराया जब कांग्रेस लोकसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं के बयान सामने आए। दीपेंद्र हुड्डा ने सज्जन कुमार को महान नेता बताया, जिसके बाद आप और भाजपा ने कांग्रेस को इस मुद्दे पर सिख विरोधी बताते हुए घेरा। विरोधी दलों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने उन्हें सम्मानित नेता और रोल मॉडल बताकर उनकी सराहना की। इन बयानों पर पलटवार करते हुए आम आदमी पार्टी और अकाली दल ने कांग्रेस के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। हालाकि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने सज्जन कुमार का विरोध करते हुए कहा की कांग्रेस उसके साथ नहीं है, उनका निधन सजा काटते हुए हुआ है और वो सिख विरोधी था। वहीं आप ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि इन बयानों से उसकी सिख विरोधी सोच एक बार फिर सामने आ गई है। आम आदमी पार्टी इस मुद्दे को जोर–शोर से उठाकर कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करने में लगी है। विवाद बढ़ता देख पंजाब कांग्रेस के नेताओं ने इसे व्यक्तिगत बयान बताकर खुद को अलग कर लिया। हालांकि, दिल्ली कांग्रेस नेताओं के रुख से पार्टी की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। पंजाब चुनावों में 1984 के जख्मों की गूंज एक बार फिर राजनीतिक केंद्र में हैं। आप और अकाली दल ने इन बयानों को सीधे सिख समुदाय की भावनाओं से जोड़ते हुए बड़ा मुद्दा बना दिया है। जहां कांग्रेस इसे नेताओं की निजी राय बताकर डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश में जुटी है। वहीं आम आदमी पार्टी इसे आगामी चुनाव में एक प्रमुख राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करती दिखाई दे रही है।

# अभी जीतने को आसमां और भी हैं

योगेश कुमार गोयल

भारत जब स्वतंत्र हुआ था, तब देश की सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी स्थिति इतनी कमजोर थी कि अंतरिक्ष अनुसंधान जैसी अवधारणा केवल एक स्वप्न लगती थी। उस समय बुनियादी ढांचे का अभाव, सीमित संसाधन और गरीबी जैसी परिस्थितियां थीं, जहां भोजन, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे मूलभूत सवाल ही सबसे बड़े थे लेकिन इतिहास गवाह है कि भारत ने विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए वैज्ञानिक क्षमता, दूरदर्शी नेतृत्व और अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर अंतरिक्ष अनुसंधान के ऐसे झंडे गाड़े, जिन्होंने पूरी दुनिया को चकित कर दिया। भारत की अंतरिक्ष यात्रा का सफर 1960 के दशक में बहुत ही साधारण प्रयोगों से शुरू हुआ था। एक समय ऐसा था, जब उपग्रहों और उपकरणों को बैलगाडियों और साइकिलों पर ढोया जाता था लेकिन भारतीय वैज्ञानिकों ने कभी हार नहीं मानी। धीरे–धीरे उस छोटे से बीज ने वृक्ष का रूप लिया और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी 'इसरो' का नाम दुनिया के सबसे सशक्त अंतरिक्ष संगठनों में शुमार हो गया। 23 अगस्त, 2023 को भारत ने अपने चंद्रयान–3 मिशन की सफलता के साथ वह ऐतिहासिक कारनामा कर दिखाया, जिसने अंतरिक्ष की दुनिया में स्वर्णाक्षरों से भारत का नाम अंकित कर दिया। उस दिन भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला और चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला चौथा देश बना। इसी ऐतिहासिक उपलब्धि को याद करते हुए भारत अब हर साल 23 अगस्त को 'नैशनल स्पेस डे' यानी 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाता है। इस बार इस दिवस की थीम है 'विकसित भारत की ओर रू नवाचार, सहयोग और वैश्विक अंतरिक्ष नेतृत्व की आकांक्षा', जो भारत की अंतरिक्ष यात्रा को केवल उपलब्धियों के उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, वैज्ञानिक नवाचार, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक नेतृत्व की व्यापक आकांक्षा के रूप में प्रस्तुत करती है। भारत का पहला कदम अंतरिक्ष में 1975 में उपग्रह आर्यभट्ट के प्रक्षेपण से हुआ था। यह भारत के लिए न केवल वैज्ञानिक महत्व का क्षण था बल्कि इसने एक नवयुग की नींव रखी। उसके बाद इसरो ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। भारत ने न केवल अपने उपग्रह अंतरिक्ष में स्थापित किए, बल्कि कई देशों के उपग्रहों को भी प्रक्षेपित करके 'स्पेस डिप्लोमेसी' का नया अध्याय रचा। भारत का पहला चंद्र मिशन 'चंद्रयान–1' 2008 में लांच किया गया। उस मिशन ने साबित कर दिया कि भारतीय वैज्ञानिक किसी भी बड़ी चुनौती को स्वीकार कर सकते हैं। चंद्रयान–1 ने चंद्रमा की सतह पर पानी के अणुओं के अस्तित्व की पुष्टि की, जो अब तक की सबसे बड़ी वैज्ञानिक खोजों में से एक है। इसरो की यही वैज्ञानिक जिज्ञासा और दूरदष्शता भारत को मंगल तक भी ले गई। 2013 में जब इसरो ने अपने सीमित संसाधनों के बावजूद मात्र 450 करोड़ रुपए की लागत से मंगलयान मिशन को लांच किया और 2014 में मंगल की कक्षा में प्रवेश कराया तो पूरी दुनिया ने अवाक होकर भारत की क्षमता को स्वीकार किया। भारत पहला ऐसा देश बन गया, जिसने अपने पहले ही प्रयास में मंगल तक पहुंचने का कीर्तिमान स्थापित किया। मंगलयान दुनिया का सबसे किफायती मंगल मिशन साबित हुआ। भारत ने उसके बाद चंद्रयान–2 मिशन से एक और ऐतिहासिक प्रयास किया। हालांकि लैंडर विक्रम चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतर नहीं पाया और अंतिम क्षणों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, फिर भी ऑर्बिटर अब भी सक्रिय है और चंद्रमा के बारे में नई–नई जानकारियां भेज रहा है। चंद्रयान–3 ने वही अधूरा सपना पूरा किया। 14 जुलाई, 2023 को प्रक्षेपित चंद्रयान–3 मिशन 23 अगस्त को इतिहास रचते हुए दक्षिणी ध्रुव पर उतरा। यह वह क्षेत्र है, जिसे कोई देश छू नहीं पाया था। चंद्रयान–3 के रोवर 'प्रज्ञान' और लैंडर 'विक्रम' ने चंद्रमा की सतह से कई महत्वपूर्ण डाटा जुटाए, जिनसे भविष्य में चंद्रमा पर मानव बस्ती बसाने जैसी योजनाओं को बल मिलेगा। आज जब भारत गगनयान मिशन की तैयारी कर रहा है, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्री पहली बार स्वदेशी तकनीक से अंतरिक्ष की यात्रा करेंगे, तो यह यात्रा एक नई छलांग होगी।

भविष्य की ओर देखें तो इसरो अब चंद्रयान–4 और चंद्रयान–5 जैसे नए मिशनों पर भी कार्य कर रहा है, साथ ही सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य–एल1 के बाद शुक्र ग्रह पर संभावित अभियान और अंतरिक्ष स्टेशन की परिकल्पना जैसे प्रोजैक्ट भारत को अंतरिक्ष विज्ञान की अगली पंक्ति में ले जाएंगे। बहरहाल, राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हमें याद दिलाता है कि चुनौतियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि राष्ट्र के वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ और युवा मिलकर सपने देखें और उन्हें पूरा करने की ठान लें, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। आने वाला कल निश्चित रूप से भारत के लिए और भी गौरवपूर्ण होगा और अंतरिक्ष विज्ञान की इस यात्रा में भारत नई ऊंचाइयां छूते हुए मानव सभ्यता के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी के 'सप्तधारा' दृष्टिकोण में निहित 'हर घर हीलर' अभियान

संगीता मित्तल

80वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से अपने संदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार अपनी विचारधारा 'सप्तधारा' में देश के मैन्युफैक्चरिंग सैक्टर से लेकर कृषि, टैक्नोलॉजी, गति यानी कनैक्टिविटी, डिफैंस, ग्रीन एवं ब्लू इकॉनोमी और सातवें स्तंभ के तौर पर सॉफ्ट स्किल्स का विशेष उल्लेख किया। यह देश के समावेशी विकास में भौतिक एवं आध्यात्मिक संतुलन साधने के लिए प्रधानमंत्री के वैज्ञानिक एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण का अनूठा संगम है। सप्तधारा की सातवीं धारा में सॉफ्ट स्किल्स, मैडिटेशन, योग और हीलिंग सीधे व्यक्ति की आंतरिक चेतना और संवेदनशीलता के पोषण पर जोर देती है। जब किसी घर में कोई व्यक्ति उपचारक बन जाता है तो वह न केवल खुद को स्वस्थ रखता है, बल्कि अपने पूरे परिवार के लिए सुरक्षा कवच साबित हो सकता है। आध्यात्मिक दक्षता के साथ 'हर घर हीलर' मिशन सप्तधारा की अहम कड़ी है, जो एक ऐसे भारत की कल्पना करती है, जहां हर नागरिक शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त हो। होशियारपुर की अमृतम घाटी में मेरे एकांतवास में वसंत की एक सुहानी सुबह थी। जैसे ही मैं शांत स्थिर होकर बैठी, मेरे भीतर एक गहरी हलचल उठी–इतना कुछ होने के बावजूद भी हम कष्ट क्यों सहते हैं? आंतरिक शांति दूर क्यों महसूस होती है? हमारा अपने ही अंतर्मन से संबंध इतना कमजोर क्यों पड़ गया है? मैंने लगभग हर घर में शरीर, दिमाग और दिल का यह मूक संघर्ष देखा है। फिर एक प्रश्न और अधिक तीव्रता से गूंजने लगा। क्या इसे ठीक किया जा सकता है? रेकी ग्रैंड मास्टर के तौर पर 3 दशकों से अधिक समय से मैं हीलिंग के मार्ग पर चलती रही हूं। न केवल एक अभ्यास के रूप में, बल्कि एक जीवंत अनुभव के रूप में और इन वर्षों में एक सच्चाई बार–बार सामने आई है। हीलिंग हमारे बाहर का विषय नहीं है, बल्कि हमारा अंतर्स्वभाव है। प्रत्येक मनुष्य में यह सहज प्रकाश है, फिर भी जीवन की आपाधापी के शोरगुल में हम भूल जाते हैं, भटक जाते हैं, पर हम समाधान बाहर खोजते हैं, जबकि स्रोत चुपचाप भीतर प्रतीक्षा कर रहा है। जैसे ही हम अंदर की ओर मुड़ते हैं, सब कुछ बदल जाता है। मन स्थिर होने लगता है। यह प्रयास से प्रवाह की ओर, भ्रम से स्पष्टता की ओर, अलगाव से जुड़ाव की ओर बढने का निमंत्रण है। हर घर हीलर अभियान प्राचीन आध्यात्मिक विभूतियों से प्रेरित है। यह कालातीत हीलिंग आर्ट में महारत हासिल करने हेतु एक ताजा दृष्टिकोण है। आधुनिक चिकित्सा से बहुत पहले यह एक प्राकृतिक और पवित्र कला के रूप में अस्तित्व में था। भौतिक शरीर से परे, हमारे पास ऊर्जा की सूक्ष्म परतें भी होती हैं। जब यह ऊर्जा सद्भाव में बहती है, तो हीलिंग स्वाभाविक रूप से होती है। ऋग्वेद में संस्कृत में एक श्लोक है–'ओम् अयं हस्ते, भगवण्यं पुरुष भगवत्रेह, अयं पुरुष विश्वभेषजोयं शिवभिमर्षम्'। इसका भावार्थ यह है कि मेरे हाथ एक दिव्य उपहार हैं, जिसमें उपचार की अपार क्षमताएं हैं। जब घर में एक भी व्यक्ति अपनी उपचारात्मक ऊर्जा को पहचान लेता है, तो पूरा वातावरण बदलना शुरू हो जाता है। अशांति का स्थान शांति ले लेती है। जागरूकता, प्रतिक्रिया का स्थान ले लेती है। करुणा स्वाभाविक रूप से प्रवाहित होने लगती है। एक जागृत प्राणी में संपूर्ण स्थान को ऊपर उठाने की शक्ति होती है और जब ऐसे कई घर जागृत होने लगते हैं, तो जीवन जीने का एक नया तरीका विकसित होता है। आज के आधुनिक युग में भौतिक सुख–सुविधाओं की कोई कमी नहीं। फिर भी, लगभग हर दूसरे घर में कोई न कोई मानसिक तनाव, रिश्तों में कड़वाहट या शारीरिक बीमारियों से जूझ रहा है। इस आंतरिक असंतुलन और ऊर्जा अवरोधों को हल करना और हर परिवार को स्वास्थ्य का कवच प्रदान करना है। जैसा कि एक सार्वभौमिक नियम है, जहां भी दुख होता है, उसके निवारण का मार्ग भी वहीं से निकलता है। 'हर घर हीलर' यानी हर घर में एक उपचारक अभियान, हर परिवार स्वयं को ठीक करने में सक्षम बनाता है। 19 जुलाई से पंजाब के होशियारपुर से शुरू हुए इस अभियान में 100 परिवारों को अब अपना स्वयं का 'हीलर' मिल गया है। ध्यान, योग और प्राणायाम के साथ उपचारक पूर्ण क्षमता एवं दक्षता प्राप्त करने के लिए नियमित अभ्यास का संकल्प लेते हैं। 'हर घर हीलर' अभियान देश में वैलनैस क्रांति की शुरुआत है, जो स्वास्थ्य एवं खुशियों का उजाला पूरी दुनिया में फैलाने में सक्षम है।

# पुलिस मुठभेड़ में हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

## - पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दाहिने पैर में लगी गोली ,- तमंचा व तीन कारतूस बरामद दूसरा आरोपी फरार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जसवंतनगर थाना क्षेत्र में युवक को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरतार कर लिया। कचौरा बाईपास रेलवे ओवरब्रिज के पास नहर पुल की ओर झाड़ियों में छिपे आरोपियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी अभिषेक उर्फ बंजारा पुत्र अशोक, निवासी ग्राम कोठी कैस्त, थाना जसवंतनगर के दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस ने घायल आरोपी को गिरतार कर उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया। जानकारी के अनुसार ग्राम कोठी कैस्त निवासी सुनीता पत्नी राजेश ने जसवंतनगर थाने में तहरीर देकर बताया था कि 22 अगस्त 2026 को अभिषेक उर्फ बंजारा और सुमित उर्फ लाखा ने उसके पुत्र शिवम उर्फ शेखू को गोली मारकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। तहरीर के आधार पर थाना जसवंतनगर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। अपराधियों की गिरतारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जसवंतनगर पुलिस द्वारा क्षेत्र में तलाश और कांबिंग अभियान



चलाया जा रहा था। इसी दौरान कचौरा बाईपास रेलवे ओवरब्रिज के पास झाड़ियों में छिपे आरोपियों ने पुलिस टीम को निशाना बनाकर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें अभिषेक उर्फ बंजारा घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजते हुए पुलिस ने गिरतार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ जसवंतनगर और बसरेहर थानों में हत्या के प्रयास, मारपीट, धमकी, अवैध हथियार, एनडीपीएस एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में 12 मुकदमे पूर्व में दर्ज हैं। मुठभेड़ और बरामदगी के संबंध में थाना जसवंतनगर में अलग से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान आरोपी का साथी सुमित उर्फ लाखा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। उसकी गिरतारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश और तलाश कर रही हैं। कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर आयुषी सिंह के नेतृत्व में थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा की गई। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कमल भाटी, उपनिरीक्षक हेमन्त कुमार, उपनिरीक्षक ललित किशोर चतुर्वेदी, उपनिरीक्षक शुभम वर्मा, आरक्षी आर्य चिकारा, सुशील कुमार, अवनीश कुमार, धर्मेन्द्र, प्रदीप कुमार और रवीश कुमार शामिल रहे।

# रसोइयों को बड़ा तोहफा, अब मानदेय में एक की बढ़ोत्तरी

## - पांच लाख तक कैशलेस इलाज की सुविधा

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिद्धार्थनगर। पीएम पोषण योजना के तहत कार्यरत रसोइयों के सम्मान समारोह एवं कैशलेस




चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन रविवार को लोहिया कला भवन में किया गया। लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आयोजित कार्यक्रम का जनपद स्तर पर लाइव प्रसारण जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में देखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। जिलाधिकारी ने विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष का बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों की छात्राओं ने मनमोहक सांस्‍तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रसोइयों को मिले चार बड़े तोहफे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रसोइयों को रक्षाबंधन से पूर्व महत्वपूर्ण सौगात दी है। रसोइयों को 5 लाख तक की निःशुल्क कैशलेस चिकित्सा सुविधा, मानदेय में 1000 की वृद्धि, ड्रेस के लिए प्रतिवर्ष 500 की बढ़ोतरी तथा 2 लाख तक की दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने सभी रसोइयों को बधाई देते हुए कहा कि सरकार उनके सम्मान और सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा रक्षाबंधन से पहले रसोइयों को चार बड़ी सौगातें दी गई हैं। मानदेय में वृद्धि से रसोइयों का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में रसोइयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बच्चों को अपने बच्चों की तरह देखती हैं रसोइयां जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं रसोइयों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रसोइयां विद्यालयों में बच्चों को अपने बच्चों की तरह देखभाल करते हुए उन्हें पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराती हैं। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में 19 पैरामीटर के अनुसार आवश्यक कार्य कराए गए हैं। जिला उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला ने भी रसोइयों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उत्‍ष्ट कार्य करने वाली रसोइयां सम्मानित कार्यक्रम के दौरान विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने 05–05 रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड, ड्रेस एवं प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। इसके साथ ही उत्‍ष्ट कार्य करने वाली 05 रसोइयों को सम्मानित किया गया। अंत में मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी सहित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं रसोइयों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षक, रसोइयां एवं अन्य संबंधित अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

# रसोइया बहनों को बड़ा तोहफा, मानदेय बढ़ा और मिली स्वास्थ्य सुरक्षा

## - तीन हजार मानदेय, पांच लाख तक कैशलेस इलाज और दो लाख दुर्घटना सहायता का लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। रक्षाबंधन से पहले प्रदेश सरकार ने परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइया बहनों को बड़ा उपहार दिया है। सरकार ने रसोइयों का मानदेय बढ़ाकर 3 हजार प्रतिमाह कर दिया है। इसके साथ ही उन्हें 5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा, कार्य के दौरान दुर्घटना होने पर 2 लाख की सामाजिक सुरक्षा तथा ड्रेस के लिए दी जाने वाली धनराशि को बढ़ाकर 1 हजार कर दिया गया है। इसी क्रम में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के सम्मान एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक सरिता भदौरिया और जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने रसोइया बहनों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड तथा बढ़े हुए मानदेय की राशि के प्रतीकात्मक चेक प्रदान कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में लखनऊ से प्रसारित मुख्यमंत्री के सजीव कार्यक्रम का रसोइयों और अधिकारियों ने सामूहिक रूप से अवलोकन किया। इसके बाद मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य में रसोई माताओं और बहनों का महत्वपूर्ण योगदान है। वे केवल भोजन तैयार नहीं करतीं, बल्कि ममता और वात्सल्य के साथ देश के भविष्य का पोषण करती हैं। सरकार उनकी सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है। उन्होंने बताया कि रसोइयों का मानदेय बढ़ाकर 3 हजार प्रतिमाह, ड्रेस के लिए 1 हजार, दुर्घटना की स्थिति में 2 लाख की सहायता तथा प्रति परिवार प्रतिवर्ष 5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया गया है। उन्होंने रसोइयों से मेन्यू के अनुसार बच्चों को समय से गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने तथा भोजन तैयार करते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं और बच्चों की बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य से ही विकसित भारत का सपना



साकार होगा। विद्यालय परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने पर भी जोर दिया। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि रसोइया बहनें शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। भोजन तैयार करते समय स्वच्छता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत कैशलेस चिकित्सा कार्ड उपलब्ध कराया जाना रसोइयों और उनके परिवारों की स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अब गंभीर बीमारी की स्थिति में उन्हें 5 लाख तक के निरूशुल्क और गुणवत्तापूर्ण उपचार की सुविधा मिल सकेगी। कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक और जिलाधिकारी ने प्रतीकात्मक रूप से रसोइया बहनों को सम्मानित किया तथा कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, जनप्रतिनिधिगण, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में रसोइया बहनें मौजूद रहीं।

# चकरनगर पुलिस ने हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

## - संदिग्ध लिंक और ओटीपी साझा न करने की दी सलाह

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के



तहत चकरनगर पुलिस ने थाना क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और आमजन को महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के लिए उपलब्ध महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस टीम ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की 112, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 102 और 108, महिला सुरक्षा के लिए 1090 और 181, बच्चों की सहायता के लिए 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध की स्थिति में 1930 पर संपर्क किया जा सकता है। पुलिस टीम ने महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए। जागरूक करते हुए कहा गया कि किसी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, बैंक संबंधी जानकारी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। मोबाइल पर आने वाले संदिग्ध संदेशों और अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन और सामाजिक माध्यमों का इस्तेमाल करते समय विशेष सावधानी बरतने की भी अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं और उपस्थित लोगों को जागरूकता पंपलेट वितरित कर महिला सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर मिशन शक्ति अभियान के तहत लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। केयरिंग महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए इटावा पुलिस का निरंतर जागरूकता अभियान।

# आयुष्मान कार्ड में संशोधन अब हुआ आसान

## - सरकार ने लॉन्च किया डाटा मैनेजमेंट पोर्टल

## - सीएचसी और जिला अस्पताल में दूर होंगी त्रुटियां

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। यदि आपके आयुष्मान कार्ड में पिता का नाम, जन्मतिथि, लिंग, पता या मोबाइल नंबर जैसी कोई त्रुटि दर्ज हो गई है, तो अब उसे आसानी से सुधारा जा सकता है। सरकार ने इसके लिए एक नया डाटा मैनेजमेंट पोर्टल लॉन्च किया है। इस पोर्टल के माध्यम से लाभार्थी के स्वयं के नाम को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के संशोधनों को दुरुस्त कराने की सुविधा शुरू कर दी गई है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि आयुष्मान कार्ड जारी करने के लिए पोर्टल पर दर्ज लाभार्थी का विवरण और आधार व राशन कार्ड के विवरण में 80 फीसदी मिलान अनिवार्य होता है। कुछ मामलों में पिता का नाम, उम्र या पते में मामूली अंतर होने के कारण सिस्टम कार्ड जारी नहीं कर पाता था। जिसकी वजह से पात्रता होते हुए भी लाभार्थी योजना से वंचित रह जाता था, नए डाटा मैनेजमेंट पोर्टल के जरिए अब इन तकनीकी विसंगतियों को दुरुस्त किया जा सकेगा, जिससे छूटे हुए पात्र उन्होंने बताया कि जनपद में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अब तक 10.65 लाख से अधिक लाभार्थियों के कार्ड बनाए जा चुके हैं। संशोधन कराने के लिए छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल अथवा सीएमओ कार्यालय स्थित आयुष्मान हेल्प डेस्क पर संपर्क करना होगा। सुरक्षा कारणों से मूल लाभार्थी का नाम बदलने की अनुमति नहीं है, लेकिन अन्य सभी विवरण आधार के अनुसार अपडेट किए जा सकते हैं। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि कार्डधारक अपने जरूरी दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड व आधार से लिंक मोबाइल नंबर लेकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं। वहां तैनात ऑपरेटर पोर्टल पर विवरण अपलोड कर संशोधन की प्रक्रिया पूरी करेंगे। उन्होंने बताया कि जन्मतिथि एवं आयु, लिंग (महिला/पुरुष), पिता अथवा पति का नाम, मोबाइल नंबर एवं आवासीय पता को संशोधित किया जा सकता है। मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने बताया कि सरकार की मंशा हर पात्र व्यक्ति को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्वास्थ्य महकमे को निर्देश दिए हैं कि गांव–गांव तक इस सुविधा की जानकारी पहुंचाई जाए ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति तकनीकी त्रुटि के कारण इलाज से वंचित न रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# लहरपुर में आरोग्य मेले में 51 मरीजों की जांच

***– बदलते मौसम में वायरल फीवर, डायरिया और खांसी–जुकाम के मरीज बढ़े***

***– डॉक्टर अख्तर ने दी बदलते मौसम से बचाव की सलाह***

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। क्षेत्र के अकबरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। बदलते मौसम और रुक–रुककर हो रही बारिश के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने से बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य केंद्र पहुंच रहे हैं। आरोग्य मेले में करीब 51 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. अख्तर हुसैन ने मरीजों की जांच करते हुए उन्हें बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि लगातार गर्मी और बारिश के कारण मौसम में हो रहे बदलाव से वायरल फीवर, डायरिया, खांसी–जुकाम, त्वचा एवं पेट संबंधी रोगों के मरीज सामने आ रहे हैं। उन्होंने लोगों से साफ पानी पीने, आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा किसी भी तरह के बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की। आरोग्य मेले में पहुंचे ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव और उनकी रोकथाम के उपायों के प्रति भी जागरूक किया गया। इसके साथ ही लोगों को आयुष्मान कार्ड के लाभ तथा परिवार कल्याण संबंधी योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में डॉ. अख्तर हुसैन द्वारा नियमित रूप से मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जरूरतमंद और असहाय परिवारों को उपचार एवं परामर्श मिलने से उन्हें काफी राहत मिल रही है। क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चिकित्सक की सक्रियता चर्चा का विषय बनी हुई है।

# रसोइयों को मानदेय बढ़ोतरी और कैशलेस कार्ड की घोषणा

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रविवार को प्रदेश के सभी जनपदों और तहसील स्तर पर रसोइयों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसी क्रम में नजीबाबाद के कवि दुष्यंत कुमार सभागार में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने रसोइयों के मानदेय



में एक हजार रुपये प्रतिमाह की बढ़ोतरी तथा रसोइयों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्ड जारी करने की घोषणा की। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, एसडीएम नजीबाबाद, भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। समग्र विद्यालय कनकपुर कला की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान समग्र विद्यालय कनकपुर कला की रसोइया शोभा देवी को कैशलेस कार्ड तथा समग्र विद्यालय जालपुर की रसोइया बीना देवी को बढ़े हुए मानदेय का चेक प्रदान किया गया। अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर कनकपुर कला की छात्राओं नसरा और सादिया ने अंतरिक्ष विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर विकास की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, पीआरडी जवानों के बाद अब रसोइया माताओं–बहनों के मानदेय में बढ़ोतरी और कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा की घोषणा सरकार का महत्वपूर्ण कदम नेता चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि रसोइया माताएं अपने–अपने विद्यालयों में साफ–सफाई का ध्यान रखने के साथ बच्चों को पूरी श्रद्धा और जिम्मेदारी से भोजन उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर समय रसोइयों के साथ खड़ी है। खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन गुप्ता ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों और रसोइया बहनों का आभार व्यक्त किया। एआरपी डॉ. राहुल वर्मा ने विभाग से संबंधित विभिन्न जानकारियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान

**फैसल चश्मे वाले**

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

**फैसल चश्मे वाले**

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबू-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P | हाजी खलील अहमद जाफरी, सम्पादक कातवाने हक, 9415065213 | एफ.ए. जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# खारजा नहर में एक हफ्ते से पड़े मृत पशु

*–दुर्गंध से ग्रामीण परेशान, विभाग पर लापरवाही का आरोप*

संवाददाता कानपुर देहात। राजपुर ब्लॉक के भाल गांव को जाने वाली खारजा नहर में पिछले एक सप्ताह से कई मृत पशु पड़े हैं। इससे उठ रही तेज दुर्गंध के कारण ग्रामीणों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मृत पशुओं से उठ



रही तेज दुर्गंध के कारण राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है। इसी रास्ते से प्रतिदिन स्कूली छात्र–छात्राओं के अलावा कई गांवों के लोगों का आवागमन बना रहता है। सुबह के समय दुर्गंध और अधिक बढ़ जाती है, जिससे आसपास बीमारी फैलने का खतरा भी मंडरा रहा है। रविवार को भाल गांव निवासी अंकित सिंह, रामवीर सिंह, सोनू ठाकुर, महेंद्र पाल सिंह, कपिल द्विवेदी और सिद्धेश्वर त्रिपाठी समेत अन्य ग्रामीणों ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नहर विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों में विभाग के प्रति आक्रोश है। इस संबंध में नहर विभाग के अवर अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत मिलने पर हर दूसरे दिन जेसीबी मंगवाकर सफाई कराई जाती है। उन्होंने स्वीकार किया कि मृत पशु पड़े होने की जानकारी मिली है और कर्मचारी भेजकर जल्द ही सफाई कराई जाएगी।

# रसोइयों के सम्मान समारोह में चार बड़ी सौगातों की घोषणा, मानदेय बढ़कर हुआ 3000

संवाददाता खखरेरू/फतेहपुर। पीएम पोषण योजना के अंतर्गत विद्यालयों में कार्यरत विजयपुर और धाता विकासखंड की रसोइयों का सम्मान समारोह नगर पंचायत खखरेरू के सभागार कक्ष में



आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हंसवा ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान तथा विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष ज्ञान चंद्र केसरवानी रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्साधीक्षक डॉ. राजू राव के नेतृत्व में हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। शिविर में मौजूद सभी रसोइयों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाइयां वितरित की गईं। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव प्रसारण के माध्यम से रसोइयों के लिए चार महत्वपूर्ण घोषणाओं की जानकारी दी गई। पहली सौगात के तहत रसोइयों का मानदेय घ2000 से बढ़ाकर घ3000 प्रतिमाह किए जाने की घोषणा की गई। दूसरी सौगात के रूप में दुर्घटना की स्थिति में परिवार को घ2 लाख की सहायता राशि देने की बात कही गई। तीसरी सौगात में रसोइयों को चिकित्सा कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके माध्यम से घ5 लाख तक के उपचार की सुविधा का प्रावधान बताया गया। वहीं चौथी सौगात के तहत साड़ी के लिए पहले मिलने वाली घ500 की राशि बढ़ाकर घ2000 किए जाने की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण को देखने के लिए कार्यक्रम में विजयपुर खंड शिक्षा अधिकारी रजनीश श्रीवास्तव, धाता खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह, विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार यादव सहित दोनों विकासखंडों के शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह के दौरान रसोइयों ने सरकार की घोषणाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की। अधिकारियों एवं अतिथियों ने रसोइयों के विद्यालयों में बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया।

# जिला युवा उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार

संवाददाता हमीरपुर। जिला युवा उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार साबरी गेस्ट हाउस में किया गया। जिलाध्यक्ष अंजनी कुमार गुप्ता ने शाश्वत ओमर जिला संगठन मंत्री, वंदित गुप्ता को जिला मंत्री, नगर अध्यक्ष आदर्श गुप्ता,



हिमांशु शिवहरे वरिष्ठ महामंत्री, शुभम तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, क्षितिज सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रजत अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अभिषेक दीक्षित उपाध्यक्ष, किशन गुप्ता उपाध्यक्ष, श्याम जी गुप्ता उपाध्यक्ष, आयुष ओमर उपाध्यक्ष, ध्रुव ओमर उपाध्यक्ष, शिवम गुप्ता कोषाध्यक्ष, अभिषेक ओमर वरिष्ठ महामंत्री, शिवम पटेल मीडिया प्रभारी, शंकर शिवहरे संगठन मंत्री, ऋतिक गुप्ता मंत्री, दानिश खान मंत्री, सिद्धार्थ गुप्ता मंत्री बनाया गया। इसके साथ ही नगर युवा कोर कमेटी अध्यक्ष अविरल सचान, निखिलेश गुप्ता वरिष्ठ महामंत्री ऋषभ गुप्ता महामंत्री, आशीष द्विवेदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नितीश गुप्ता उपाध्यक्ष, रवि साहू उपाध्यक्ष, मयंक गुप्ता उपाध्यक्ष, मोनिश खान संगठन मंत्री, राजेन्द्र कुमार मंत्री, आयुष गुप्ता मंत्री, राहुल साहू मंत्री नियुक्त किये गए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र गुप्ता धीरू ने की। युवा प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद रहे।इस अवसर पर जयकिशोर गुप्ता, मकबूल साबरी, संजय गुप्ता, अंकित ओमर, रोहित गुप्ता, रोहित तिवारी, सचिन ओमर, अमित गुप्ता विकास ओमर राजीव ओमर प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# कृषि विश्वविद्यालय में मनाया गाजरघास जागरूकता सप्ताह

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधन शोध परियोजना के अंतर्गत 16 से 22 अगस्त 2026 तक गाजरघास जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों को गाजरघास के दुष्प्रभावों, पहचान, प्रबंधन एवं नियंत्रण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय .षि अनुसंधान परिषद के खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर द्वारा तैयार की गई गाजरघास संबंधी जागरूकता फिल्म विद्यार्थियों को दिखाई गई। .षि महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. जी.एस. पंवार ने बताया कि गाजरघास (पार्थेनियम घास) जिसे कांग्रेस घास भी कहते हैं, एक अत्यंत आक्रामक एवं तेजी से फैलने वाला खरपतवार है, जो खेतों में फसलों के साथ फैल कर उनकी वृद्धि एवं उत्पादकता को प्रभावित करता है। इसके बीज बड़ी संख्या में बनते हैं और लंबे समय तक मिट्टी में जीवित रह सकते हैं, जिससे इसका प्रसार नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। गाजरघास का प्रभाव केवल .षि तक सीमित नहीं है। इसके संपर्क में आने से संवेदनशील व्यक्तियों में त्वचा संबंधी एलर्जी, खुजली, एक्जिमा और डर्मेटाइटिस जैसी




समस्याएं हो सकती हैं। इसके परागकण एवं पौधे के संपर्क से कुछ लोगों में श्वसन संबंधी एलर्जी और अस्थमा की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। पशुओं के स्वास्थ्य तथा चरागाहों की गुणवत्ता पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. दिनेश साह ने कहा कि विद्यार्थियों को गाजरघास के दुष्प्रभावों एवं इसके प्रभावी प्रबंधन की जानकारी देकर समाज में भी जागरूकता का प्रसार किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गाजरघास के नियंत्रण के लिए समय रहते इसकी पहचान कर फूल एवं बीज बनने से पहले पौधों को उखाड़ना तथा सुरक्षित तरीके से नष्ट करना प्रभावी उपायों में शामिल है। इसके साथ ही यांत्रिक, सांस्.तिक, जैविक एवं रासायनिक विधियों का समन्वित उपयोग किया जा सकता है। इस अवसर पर .षि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुरुशरण पंवार ने शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से गाजरघास के प्रभाव और प्रबंधन को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने .षि प्रक्षेत्र में स्नातक छात्रों के साथ स्वयं गाजरघास उखाड़कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय के .षि प्रक्षेत्र, महाविद्यालय परिसर तथा छात्रावासों के आसपास स्नातक, परास्नातक एवं शोध छात्रों, एनएसएस स्वयंसेवकों, शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों द्वारा गाजरघास उन्मूलन अभियान चलाया गया। उखाड़ी गई गाजरघास को सुरक्षित रूप से मिट्टी में दबाकर नष्ट किया गया तथा इसके संबंध में जानकारी देने वाले पम्पलेट भी वितरित किए गए जागरूकता सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों को गाजरघास की पहचान, मानव एवं पशु स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव, फसलों एवं पर्यावरण को होने वाली क्षति तथा इसके एकी.त प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर को गाजरघास मुक्त रखने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में सस्यविज्ञान विभाग के प्राध्यापक, वैज्ञानिक, शोधार्थी एवं छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।

# कार्यभार संभालते ही कांवड़ मार्ग पर पहुंचे एसपी

## - सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

मंडावली, बिजनौर। नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक कृष्ण



कुमार विश्नोई ने जनपद का कार्यभार संभालने के बाद कानून–व्यवस्था और कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर सक्रियता दिखाई। पुलिस अधीक्षक ने थाना मंडावली क्षेत्र से गुजरने वाले कांवड़ मार्ग का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा। निरीक्षण के दौरान सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम एवं मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को कांवड़ मार्ग पर पुलिस की तैनाती, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम तथा संवेदनशील स्थानों के संबंध में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक .ष्ण कुमार विश्नोई ने मार्ग पर तैनात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी भी चेक की और कांवड़ियों की आवाजाही के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान मार्ग पर लगातार निगरानी रखी जाए और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न होने दी जाए। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, भीड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांवड़ियों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों में भी सक्रियता नजर आई। अधिकारियों ने कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों को समय से पूरा करने का भरोसा दिलाया।

# आदर्श समाज सेवा समिति ने रुपईडीहा कोतवाल से की औपचारिक मुलाकात

## - नवागत चौकी प्रभारी बाबागंज को किया सम्मानित
## - कानून व्यवस्था व बेस्ट पुलिसिंग को लेकर हुई सकारात्मक चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। आदर्श समाज सेवा समिति पदाधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक आदर्श थाना कोतवाली रुपईडीहा हरेंद्र कुमार मिश्रा से रविवार को औपचारिक मुलाकात किया। इस दौरान कोतवाल रुपईडीहा के साथ सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई तथा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के निस्तारण को लेकर विचार–विमर्श हुआ। रुपईडीहा कोतवाल हरेंद्र कुमार मिश्रा ने समिति पदाधिकारियों से कानून–व्यवस्था एवं जनहित से जुड़े मामलों में आपसी सहयोग बनाए रखने की बात कही तत्पश्चात समिति पदाधिकारियों ने पुलिस चौकी बाबागंज पहुंच कर नवागत चौकी प्रभारी बाबागंज मानवेन्द्र प्रताप सिंह से भी मुलाकात की तथा अंगवस्त्र, डायरी पेन व सम्मान पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्र की वर्तमान स्थिति, पुलिस की कार्यप्रणाली तथा आमजन की समस्याओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सौहार्दपूर्ण माहौल में चर्चा हुई। इस मौके पर आदर्श समाज सेवा समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि व वरिष्ठ पत्रकार



संतोष मिश्रा, उपाध्यक्ष श्याम कुमार सिंह, महामंत्री जगराम वर्मा, विधिक सलाहकार नन्दकिशोर वर्मा, जिला सलाहकार रामबरन वर्मा, शाहिद हुसैन, नवाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन गौतम, संदीप कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# विधानसभा चुनाव में खुर्शीद के साथ खड़े होंगे शेख बिरादरी के युवा

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। नगर पंचायत साहनपुर के मोहल्ला



अमृतसरी में आकिब शेख एडवोकेट के आवास पर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शेख बिरादरी के बड़ी संख्या में युवाओं ने नगर पंचायत चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी के समर्थन की घोषणा की। युवाओं ने कहा कि यदि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में खुर्शीद मंसूरी को प्रत्याशी बनाती है तो उन्हें विधानसभा तक पहुंचाने के लिए पूरी ताकत से चुनाव मैदान में काम किया जाएगा। इस अवसर पर खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि लोगों ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि चेयरमैन के रूप में भी उनके घर के दरवाजे हमेशा जनता के लिए खुले रहे हैं। विधानसभा पहुंचने का अवसर मिलने पर क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक की अध्यक्षता शराफत हुसैन ने की तथा संचालन आकिब शेख एडवोकेट ने किया। इस दौरान अमीर शेख, अकील शेख, अरबाज शेख, जुनैद शेख, माजिद शेख, बाकर शेख, लईक शेख, फहीम शेख, सभासद इकबाल शेख, फुरकान शेख, इरफान शेख, हसीन शेख, फरमान शेख, शोएब शेख, मुशर्रफ शेख, लड्डुन खां शेख, शराफत शेख, अहमद शेख, अबरार शेख, जाकिर शेख, अशरफ शेख और हारून शेख सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# छात्रों की गूंज में नेहा सिंह राठौर हुई वायरल, बेबाक अंदाज और गीतों ने खींचा ध्यान

संवाददाता पुणे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में लोकगायिका नेहा सिंह राठौर की मौजूदगी चर्चा का बड़ा विषय बन गई। छात्राओं और युवाओं से भरे कार्यक्रम में नेहा राठौर ने अपने चिर–परिचित बेबाक अंदाज में सरकार और राजनीतिक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए गीत प्रस्तुत किए। उनके मंच पर आते ही कार्यक्रम का माहौल बदल गया और उनके वीडियो सोशल मीडिया



पर तेजी से वायरल होने लगे। नेहा सिंह राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि सवाल पूछने और अपनी बात रखने के कारण उन्हें लंबे समय से आलोचना और गालियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन वह अपनी बात कहना बंद नहीं करेंगी। उनकी इस बात पर राहुल गांधी ने भी समर्थन जताते हुए कहा कि "मैं भी नहीं सुधर रहा हूं।" गीतों के जरिए राजनीतिक तंज नेहा राठौर ने मंच से राजनीतिक व्यंग्य गीतों के जरिए सरकार पर निशाना साधा। उनके गीत और संवाद का वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया। एक वायरल वीडियो में वह सरकार पर तीखा कटाक्ष करती नजर आईं। राहुल गांधी के कार्यक्रम का मुख्य केंद्र छात्राओं की शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा, समानता और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दे रहे। कार्यक्रम में राहुल गांधी ने महिलाओं को देश की बड़ी ताकत बताते हुए लैंगिक भेदभाव और महिलाओं को नियंत्रित करने वाली मानसिकता पर भी सवाल उठाए। सोशल मीडिया पर छाया नेहा का अंदाज पुणे के मंच से नेहा सिंह राठौर के गीत और राहुल गांधी के साथ उनका संवाद कार्यक्रम के सबसे चर्चित हिस्सों में शामिल रहा। उनके समर्थकों ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सवाल पूछने की आवाज बताया, जबकि राजनीतिक विरोधियों की ओर से इसे कांग्रेस के मंच से राजनीतिक प्रचार के तौर पर देखा जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह दिखाया है कि नेहा सिंह राठौर के लोकगीत और राजनीतिक व्यंग्य सोशल मीडिया पर तेजी से लोगों का ध्यान खींचते हैं। पुणे कार्यक्रम के बाद उनके मंचीय वीडियो वायरल होना इसका ताजा उदाहरण है।

# केमिकल से रंगी जा रही देसी सब्जियां, लोगों की सेहत पर मंडरा रहा खतरा

संवाददाता हमीरपुर। जनपद व कस्बो की सब्जी मंडी में कुछ सब्जी विक्रेताओं द्वारा देसी सब्जियों को आकर्षक दिखाने के लिए कथित रूप से केमिकल का इस्तेमाल किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मंडी में बिक रही कुछ देसी पड़ौरा और अन्य हरी सब्जियों पर रासायनिक रंगों का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे उनकी ताजगी और रंगत बढ़ी हुई दिखाई देती है। इससे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर गंभीर



खतरा उत्पन्न हो सकता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अधिक मुनाफा कमाने की लालच में कुछ विक्रेता सब्जियों को कृत्रिम रूप से हरा और ताजा दिखाने के लिए रसायनों का उपयोग कर रहे हैं। आम खरीदार सब्जियों की वास्तविक गुणवत्ता पहचान नहीं पाते और इन्हें खरीदकर अपने परिवार के लिए इस्तेमाल कर लेते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार खाद्य पदार्थों में मिलाए जाने वाले हानिकारक रसायन पेट संबंधी बीमारियों, एलर्जी, त्वचा रोग और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। सब्जी खरीदने आने वाले लोगों ने खाद्य सुरक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन से मंडी में नियमित जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शिकायतें सही पाई जाती हैं तो दोषी विक्रेताओं के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने वालों पर रोक लगाई जा सके। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को समय–समय पर सैंपल लेकर जांच करानी चाहिए और मिलावट या रासायनिक रंगों के उपयोग की पुष्टि होने पर संबंधित विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त करने सहित दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। लोगों का मानना है कि खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इस मामले में त्वरित कार्रवाई आवश्यक है।

# जॉइंट में लीकेज से हजारों लीटर पानी बर्बाद

संवाददाता कानपुर देहात। राजपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक पटेल नगर स्थित दमनपुर रोड पर शनिवार को एक नई पाइपलाइन को मुख्य पाइपलाइन से जोड़ने के दौरान लीकेज हो गया। इस लीकेज के कारण हजारों लीटर पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो गया, जिससे सड़क किनारे बने गड्ढे में पानी भर गया और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यह नई पाइपलाइन मंसूरी मोहाल से सत्संग चौक तक पानी पहुंचाने के लिए ठेकेदार द्वारा बिछाई गई है। कर्मचारियों ने शनिवार को इस नई पाइपलाइन को पानी की



मेन पाइपलाइन से जोड़ने के लिए जॉइंट लगाया था, लेकिन जॉइंट सही तरीके से न जुड़ने के कारण तेज रिसाव शुरू हो गया। स्थानीय निवासियों, जिनमें मोहम्मद इस्लाम, इंद्रपाल सिंह, नासिर, सलमान और अरशद मंसूरी शामिल हैं, ने बताया कि इसी रास्ते से लगभग दो वर्ष पहले भी एक पाइपलाइन डाली गई थी, लेकिन उससे आगे तक पानी नहीं पहुंच सका था। इस कारण नगर पंचायत को दोबारा नई पाइपलाइन बिछानी पड़ी। एक ही रास्ते पर दो पाइपलाइन डाले जाने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। लीकेज के कारण सड़क किनारे बने गड्ढे में काफी पानी जमा हो गया। आसपास के लोग इस जमा पानी का उपयोग ड्रम धोने और पशुओं को पानी पिलाने के लिए करते देखे गए। इसी मार्ग से प्रतिदिन स्कूली बच्चों का भी आना–जाना रहता है, जिससे गड्ढे में भरे पानी के कारण बच्चों और राहगीरों के साथ दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इस मामले पर अधिशासी अधिकारी नीति त्रिपाठी ने बताया कि उन्हें लीकेज की जानकारी मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों को तत्काल मौके पर भेजकर पाइपलाइन का लीकेज जल्द से जल्द ठीक कराया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### रसोइयों का मानदेय बढ़कर हुआ तीन हजार, दौड़ी खुशी की बयार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। प्रधानमंत्री पोषण योजना अंतर्गत विकास भवन सभागार में रसोईया सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की




अध्यक्षता में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर स्थित जुपिटर सभागार लखनऊ में आयोजित किया गया जहां से रसोइयों को पांच लाख रुपये तक का कैशलेस चिकित्सा की सुविधा दी गई एवं रसोइयों को दी जाने वाली परिधान की धनराशि को 500 से बढ़ाकर 1000 कर दिया गया। रसोइयों का मानदेय 2000 से बढकर 3000 कर दिया गया। इस प्रकार से रसोइयों को सुरक्षा एवं मानदेय की वृद्धि तथा दो लाख रुपए का दुर्घटना बीमा की व्यवस्था का कार्य किया गया। लखनऊ से कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सभी जिलों में किया गया जिसे जनपद में विकास भवन सभागार तथा जनपद के अन्य सभी तहसील मुख्यालयों पर आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री के उपरोक्त घोषणा से जनपद में कार्यरत 9332 रसोईया सहित प्रदेश के तीन लाख तिरपन हजार रसोईया लाभान्वित होगी। विकास भवन सभागार में नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रणविजय सिंह, अशोक जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, पंचायती राज अधिकारी चंद्रभान सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्रा, रणजीत कुमार, डीसी एमडीएम राकेश मिश्रा, अनुराग शर्मा, प्रदीप वर्मा, संजय सिंह, संतोष सिंह, राकेश कुमार सिंह, इसरार अहमद, आशा राम, शोभा यादव, सुश्री बबिता श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा सहित दर्जनों अधिकारी कर्मचारी एवं रसोइयां उपस्थित रहीं।

### बाबागंज चौकी की कमान मानवेंद्र प्रताप सिंह ने संभाली

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। थाना रुपैडीहा अंतर्गत बाबागंज पुलिस चौकी के नवागत प्रभारी मानवेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई और महिला–बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने चोरी, जुआ, सट्टा, अवैध शराब व नशीले पदार्थों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही फरियादियों से सम्मानजनक व्यवहार और शिकायतों के त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।

### मासूम की मौत पर विधायक ने बांटा दुख

#### – परिवार को सौंपा पांच लाख का चेक

न्यूज वाणी ब्यूरो

नहटौर, बिजनौर। विधानसभा क्षेत्र नहटौर के ग्राम मुस्सेपुर पाली में गुलदार के हमले में दो वर्षीय मासूम रोहित की मौत से गांव में शोक का माहौल है। घटना की



जानकारी के बाद विधायक ओम कुमार पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की। विधायक ने पीड़ित परिवार को उत्तर प्रदेश सरकार की दैवीय आपदा एवं वन्यजीव योजना के तहत पांच लाख रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक ओम कुमार ने वन विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय गुलदार को जल्द पकड़ने तथा ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और ग्रामीणों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि मासूम रोहित की असमय मौत बेहद हृदयविदारक है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# कालिंजर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

## - बच्चों को सुरक्षित बचपन और कानूनी अधिकारों का दिया संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में तथा जनपद न्यायाधीश व अध्यक्षा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्पना के निर्देशन में रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज, कालिंजर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य अभियान, शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009, पॉक्सो एक्ट–2012 तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में छात्र–छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा श्रीमती अल्पना ने की। उन्होंने आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली मेगा राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी देते हुए कहा कि लोक अदालत के माध्यम से बैंक वसूली, किरायेदारी, दीवानी, उत्तराधिकार, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, चेक बाउंस, जनोपयोगी सेवाओं, राजस्व, चकबंदी, श्रम तथा शमनीय प्र.ति के आपराधिक मामलों का आपसी सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जा सकता है। यातायात संबंधी ई–चालानों के निस्तारण तथा बैंकिंग एवं वित्तीय मामलों के त्वरित समाधान के लिए विशेष लोक अदालत के आयोजन की भी जानकारी दी गई। विशेष न्यायाधीश डकैती डॉ. विकास श्रीवास्तव ने सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य' अभियान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों को यौन शोषण एवं उत्पीड़न से बचाने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने



विद्यालयों में छात्र–छात्राओं को जागरूक करने के लिए संवाद, चित्रों, लघु फिल्मों एवं अन्य प्रभावी माध्यमों के इस्तेमाल पर जोर दिया। अपर जिला जज श्रीपाल सिंह ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009 की जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। उन्होंने बताया कि अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित किए जाने का प्रावधान है। सिविल जज (जू.डि.) नरैनी एवं ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम–2012 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न की स्थिति में चुप न रहने तथा विश्वसनीय अभिभावक, शिक्षक अथवा संबंधित प्राधिकारी को जानकारी देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान रोटी बैंक सोसाइटी, बांदा की ओर से अध्यक्ष श्री रिजवान अली, संगठन मंत्री श्री सुनील सक्सेना एवं उनकी टीम ने बच्चों को ज्योमेट्री बॉक्स, कॉपी–पेन वितरित किए। महिलाओं को साड़ियां तथा पुरुषों को शर्ट भी प्रदान की गईं। शिविर में विशेष न्यायाधीश चन्द्रपाल, विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी अधिनियम) डॉ. विकास श्रीवास्तव, अपर जिला जज श्रीपाल सिंह, सिविल जज (सी.डि.) अंशुमाली पाण्डेय, सिविल जज (जू.डि. /त्वरित–1) सुभांशु दास, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय नरैनी आलोक कुमार वर्मा, तहसीलदार नरैनी सतीश कुमार वर्मा, थानाध्यक्ष कालिंजर दारा सिंह, वरिष्ठ लिपिक रामनरेश, डीईओ राशिद अहमद एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदित्य धुरिया सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुमन शुक्ला ने किया। शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। छात्र–छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अंत में राजकीय इंटर कॉलेज, कालिंजर के प्रधानाचार्य रामशरण द्विवेदी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

# अंतरिक्ष दिवस पर वैज्ञानिक व नवाचार की भावना विकसित करने हेतु हुआ कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान, वैज्ञानिक सोच, तकनीकी समझ एवं नवाचार की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली से आई विशेषज्ञ टीम द्वारा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं प्रयोगात्मक कार्यशालाओं का आयोजन किया गय। कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में राकेट साइंस वर्कशाप विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस कार्यशाला में छात्र–छात्राओं को रॉकेट के सिद्धांत एवं प्रक्षेपण की प्रक्रिया को गतिविधि आधारित तरीके से समझाया गया। विद्यार्थियों ने स्वयं पेपर रॉकेट एवं गैस रॉकेट तैयार किए तथा उनका सफल लॉन्च भी किया। इसके साथ ही छात्र–छात्राओं ने हाइड्रो रॉकेट तैयार कर उसका भी सफल प्रक्षेपण किया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने रॉकेट के पीछे कार्य करने वाले वैज्ञानिक सिद्धांतों को प्रयोग एवं प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से समझा। इसके साथ ही वर्चुअल रियलिटी तकनीक के माध्यम से विद्यार्थियों को अंतरिक्ष स्टेशन एवं अंतरिक्ष की वर्चुअल विजिट कराई गई। विद्यार्थियों ने वीआर के माध्यम से अंतरिक्ष स्टेशन के वातावरण और अंतरिक्ष से जुड़ी गतिविधियों का रोचक एवं अनुभवात्मक अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान सेफ सोलर आब्सर्वेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को सूर्य का सुरक्षित तरीके से अवलोकन कराया गया। विशेषज्ञों द्वारा सूर्य, सौरमंडल एवं अंतरिक्ष से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं तथा विद्यार्थियों को सूर्य का अवलोकन करते समय आवश्यक सुरक्षा सावधानियों के बारे में भी बताया गया। कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक भवनों में उपयोग होने वाली तकनीकों एवं स्वचालित प्रणालियों की कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया। गतिविधि आधारित इस कार्यशाला से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक एवं ऑटोमेशन की अवधारणाओं को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। एआईएएससी प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को प्रमाण–पत्र कार्यक्रम के दौरान इंडिया एस्ट्राइड सर्च कैंपेन में सक्रिय रूप से प्रतिभाग करने वाले छात्र–छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अंतरिक्ष एवं खगोलीय पिंडों के अध्ययन के क्षेत्र में रुचि प्रदर्शित करने वाले प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा प्रतिभागिता प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए। प्रमाण–पत्र प्राप्त करते समय विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं प्रसन्नता का वातावरण रहा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एआईएएससी जैसे



कार्यक्रम विद्यार्थियों को वास्तविक वैज्ञानिक अनुसंधान की प्रक्रिया से परिचित कराने तथा उनमें एसट्रोनामी स्पेस साइंस के प्रति रुचि विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इस प्रकार की वैज्ञानिक एवं नवाचार आधारित गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद यादव, उप जिलाधिकारी शिवध्यान पांडे, देवेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज, महोबा, आशी सिंह, प्रधानाचार्य, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रामनगर, महोबा, मयंक त्रिपाठी, प्रधानाचार्य, राजकीय हाई स्कूल पिपरामाफ सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने अत्यंत उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और विभिन्न वैज्ञानिक एवं तकनीकी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की।

# कांग्रेसियों ने लगाई चंदा चोरों गद्दी छोड़ो चौपाल बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर ग्राम पंचायत गंच्छा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में चंदा चोरो, गद्दी छोड़ो चौपाल बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत अध्यक्ष सियाशरण ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने ग्राम पंचायत गंच्छा वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब खबर आ रही है कि अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की जांच के लिए यूपी सरकार की तरफ से बनाई एसआईटी ने अपनी फाइनल रिपोर्ट सौंप दी है। सबसे बड़ी और दुर्भाग्यपूर्ण बात ये कि रिपोर्ट में ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय और सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा का नाम ही नहीं है। इसका सीधा मतलब ये है कि अगर चंपत राय और अनिल मिश्रा फंसते तो ये लोग उनका भी नाम लेते, जिनके इशारे पर हजारों करोड़ रूपये की चंदा चोरी की गई है। इसलिए इन दोनों को पाक–साफ बचा लिया गया। लेकिन योगी–मोदी को ये बात नोट कर लेना चाहिए कि इस देश की जनता बेवकूफ नहीं है। किस तरह से मोदी से लेकर योगी की सरकार जांच के नाम पर बड़े डकैतों को बचाने का



काम कर रही है। किस तरह से सरकार चंपत जैसे चोरों को सुरक्षा दे रही है। इन लोगों से इंसाफ की उम्मीद कोई कैसे कर सकता है ? इस बात को देश का बच्चा–बच्चा जानता है कि पता है कि इस देश में इतनी बड़ी लूट, वो भी रामलला के दरबार में बिना योगी–मोदी और संघ के मिली भगत के, बिना दोनों गुजरातियों के संरक्षण के संभव नहीं है। अगर इन सबका आशीर्वाद चंपत चोर पर न रहा होता तो अब तक सारे चोर कब का धर गये होते। मगर अब तो इनको बचाने का खेल चल रहा है। हैरानी की बात ये है कि आज तमाम संघियों–भाजपाईयों ने राम को छोड़कर योगी मोदी को अपना आराध्य बना लिया है। ये लोग सच्चाई जानने के बाद भी सरकार और डकैतों का बचाव कर रहे हैं। इस अवसर पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट ने कहा कि आज राम को अपना आराध्य मानने वाली जनता देख रही है कि वे कौन लोग हैं, जो राम के नाम पर सत्ता हथिया कर अरबों लोगों की आस्था के हत्यारे, रामद्रोहियों, पापियों और चढ़ावा चोरों को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। देख लेना योगी–मोदी का हिसाब तो खुद राम जी करेंगें, राम जी के दरबार में देर भले है, मगर अंधेर नहीं चंदा चोरों और चढ़ावा चोरों, वोट चोरों के सरगना को आधी–आधी रात तक नींद नहीं आ रही है। सरकार जाने के बाद क्या हाल होगा, ये चिंता दिन.रात उसे बेचौन कर रही है। गंच्छा ग्राम पंचायत में चंदा चोरो, गद्दी छोड़ो चौपाल बैठक के इस अवसर पर जिला महासचिव कालीचरण निगम, जिला कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, संतराम यादव, श्रीपाल, बब्लू यादव, नीरज यादव, चुनबद्दा यादव, संदीप, मथुरा, रामस्वरूप, नन्दू, रंजीत पाल, रामजी तिवारी, अनुराग तिवारी, अतुल तिवारी, राजकुमार पाल, राजनारायण पाल, अजीत तिवारी उपस्थित रहे।

## नवागंतुक थानाध्यक्ष की धरपकड़ में 20 वारन्टी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

रामगांव, बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर रामगांव थानाध्यक्ष दिवाकर तिवारी के नेतृत्व में टीम ने अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान 20 आरोपितों को गिरतार कर माननीय न्यायालय रवाना किया। थानाध्यक्ष श्री तिवारी ने बताया कि गठित भिन्न–भिन्न



पुलिस टीमों द्वारा न्यायालय द्वारा जारी गिरतारी अधिपत्र के क्रम में संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। विभिन्न प्रकरणों में 18 वारंटियों को हिरासत पुलिस लिया गया। इसमें तारापुर खुर्द निवासी सहाबुद्दीन व मुन्ना समेत अन्य की गिरतारी के समय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों व निर्देशों का अक्षरशः पालन किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा चौकी प्रभारी राणा राज सिंह, हेमन्त सिंह, नंद किशोर सिंह, उपनिरीक्षक हरी राम यादव, रचना सिंह, हेड कांस्टेबल सत्यानन्द यादव, सुरेंद्र कुमार वर्मा, रणधीर मौर्या, दीपक यादव, विष्णु प्रताप सिंह, इन्द्रेश यादव, आशुतोष प्रजापति, सोनू यादव, .ष्ण कुमार चौधरी, अंकित सिंह, बादल सिंह, महिला आरक्षी रंजना, प्रतिमा प्रजापति, विभा तिवारी, रिंकी, ममता आर्या आदि शामिल रहे।

## नवजात की मौत मामले में स्टाफ नर्स ने आरोपों को बताया निराधार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाबागंज, बहराइच। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाबागंज में प्रसव के दौरान नवजात की मौत के मामले में स्टाफ नर्स ने अपने ऊपर लगाए गए लापरवाही के आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि प्रसूता राधा देवी को परिजन 5 अगस्त को दोपहर करीब दो बजे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जांच में गर्भस्थ शिशु की स्थिति गंभीर पाई गई। परिजनों को स्थिति की जानकारी देने और उनकी सहमति के बाद आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया कराई गई, जिसके बाद मृत नवजात का प्रसव हुआ। इसकी जानकारी चिकित्साधिकारी को भी दी गई थी। स्टाफ नर्स ने आरोप लगाया कि घटना को गलत तरीके से पेश कर उनके खिलाफ शिकायत की जा रही है। उन्होंने बताया कि उसी दिन शाम करीब सात बजे कुछ लोग अस्पताल पहुंचे और विवाद करने का प्रयास किया, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच अस्पताल के अभिलेखों और संबंधित लोगों के बयानों के आधार पर कराने की मांग की है।

# रिछारा गांव में बारिश बनी कहर, दो गरीबों के आशियाने जमींदोज

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। पनवाड़ी विकास खंड के महोबकंठ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रिछारा में तेज बारिश के चलते दो लोगों के मकान भरभरा कर गिर गए। हादसे में गृहस्थी का हजारों रुपये का सामान दबकर नष्ट हो गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन दोनों परिवार बेघर हो गए हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रिछारा निवासी चंदशेखर रिछारिया के कच्चे रिहायशी मकान की छत अचानक टूटकर गिर गई। इसी तरह गांव के ही दूसरे पीड़ित भूमनीदीन साहू का मकान भी लगातार हो रही बारिश को नहीं झेल सका और भरभरा कर ढह गया। मकान के अंदर रखा अनाज, कपड़े, बर्तन व अन्य घरेलू सामान मलबे में दबकर खराब हो गया। बारिश के कारण हुए नुकसान से दोनों परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। पीड़ितों ने प्रशासन से सर्वे कराकर आपदा राहत राशि और आवासीय सहायता दिलाने की मांग की है।

# कैशलेस चिकित्सा कार्ड रसोइया बहनों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए बड़ा कदम

न्यूज वाणी ब्यूरो

ऊंचाहार, रायबरेली। रविवार को तहसील सभागार में पीएम पोषण योजना के तहत रसोइयों के सम्मान समारोह और कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य



रसद मंत्री के प्रतिनिधि आशीष तिवारी रहे। इसमें भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने कहा कि कहा कि पीएम पोषण योजना केवल बच्चों को खाना देने की योजना नहीं है, बल्कि यह उनके बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की ओर एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि रसोइया बहनों की मेहनत और सेवा भावना का सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कैशलेस चिकित्सा कार्ड मिलना रसोइया बहनों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा नेता आशीष तिवारी ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का फायदा समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाना भाजपा सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे ये काम आने वाली पीढ़ी को और भी ज्यादा मजबूत बनाएंगे। कार्यक्रम में रसोइयों को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया तथा कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है। साथ ही, पीएम पोषण योजना से जुड़े रसोइयों के सम्मान एवं कल्याण के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी ऊंचाहार राजीव कुमार ओझा एवं खंड शिक्षा अधिकारी रोहनिया नन्द लाल रजक, समस्त एआरपी, सभी नोडल संकुल शिक्षक,संकुल शिक्षक विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं बीआरसी स्टाफ ऊंचाहार के साथ–साथ विकास खंड जगतपुर तथा रोहनिया से भारी मात्रा में रसोईया तथा शिक्षक उपस्थित रहे।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग की प्रगति की समीक्षा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने और निध



ारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक में आमजन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और विभागीय कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग में उत्.ष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रमाण–पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। उनके कार्यों की सराहना करते हुए अन्य कार्मिकों को भी बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 64 जोड़े एक दूजे में बंधे

न्यूज वाणी ब्यूरो /महोबा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आज जनपद में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के सहयोग से 64 कन्याओं का शादी समारोह का आयोजन कम्युनिटी हॉल में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने वर–वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह



योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें गरीब बेटियों की शादी के लिए सरकार द्वारा 100000 की धनराशि प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार कन्याओं के जन्म से लेकर शिक्षा एवं शादी की व्यवस्था कर रही है। उन्होंने कहा कि कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत बालिका को जन्म के समय धनराशि प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 100000 की धनराशि गरीब परिवार के बेटियों को प्रदान की जाती है, जिसमें 64000 नगद एवं 21000 का सामान तथा 15000 खाने पीने अन्य व्यवस्था मे खर्च किया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं की खाने की सुविध ा को .ष्टिगत रखते हुए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रसोई गैस एवं निशुल्क राशन वितरण योजना संचालित कर रही है, जिससे गरीब परिवार के लोगों को फायदा मिल रहा है। कार्यक्रम में उपनिदेशक .षि, डीसी एनआरएलएम अशोक कुमार, जिला विकास अधिकारी पंकज कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पूर्ति अधि ाकारी सहित जिला सूचना अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी शशिकांत सिंह एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कानून व्यवस्था के नए मानक गढ़ता भयमुक्त सुरक्षित उत्तर प्रदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 9.5 वर्षों में कानून व्यवस्था के क्षेत्र में व्यापक और ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिला है। वर्ष 2017 में शुरू हुई सुशासन और जीरो टॉलरेंस की नीति ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को नई दिशा दी। अपराध और अपराध ियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई, पुलिसिंग के आधुनिकीकरण, तकनीक के प्रभावी इस्तेमाल, त्वरित न्याय, महिला सुरक्षा और साइबर अपराध नियंत्रण के लिए किए गए प्रयासों ने उत्तर प्रदेश को भयमुक्त और सुरक्षित प्रदेश बनाने की दिशा में मजबूत आध ार प्रदान किया है। इन 9.5 वर्षों की उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि जब शासन की प्राथमिकता नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान हो तो कानून व्यवस्था में व्यापक बदलाव संभव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता संभालने के बाद स्पष्ट किया कि प्रदेश में कानून का राज सर्वोपरि होगा और अपराध ियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। इसी नीति के तहत पुलिस व्यवस्था को मजबूत किया गया और अपराध ियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की गई। वहीं, सात बड़े महानगरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने से पुलिसिंग अधिक प्रभावी हुई तथा जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण और अपराध नियंत्रण में गुणात्मक सुधार आया। इन 9.5 वर्षों में प्रदेश में सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक शांति को भी मजबूती मिली है। वर्ष 2017 से अब तक सांप्रदायिक दंगा या जातिगत संघर्ष की कोई घटना नहीं हुई। यह उपलब्धि बताती है कि सरकार ने कानून व्यवस्था के साथ सामाजिक समरसता और शांति को भी समान प्राथमिकता दी है। इस दौरान दुर्दांत अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की गई। अब तक 303 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए तथा 12,202 घायल हुए। 23,601 इनामी अपराधियों को जेल भेजा गया। 87,835 अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट तथा 995 अपराधियों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। गैंगस्टर एक्ट के तहत 152 अरब 33 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की चल–अचल अवैध संपत्तियों का जब्तीकरण किया गया। चिन्हित माफिया और उनके गिरोह के सदस्यों तथा सहयोगियों के विरुद्ध भी सरकार ने निर्णायक कार्रवाई की। 1,494 लोगों के विरुद्ध 909 अभियोग पंजी.त किए गए और 651 गिरतारियां हुईं। 18 के विरुद्ध एनएसए तथा 802 के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। माफिया और अपराधियों द्वारा अवैध रूप से अर्जित 4,309 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। इस कार्रवाई ने अपराध की समानांतर अर्थव्यवस्था पर प्रभावी प्रहार किया और अपराधियों के आर्थिक साम्राज्य को कमजोर किया। अपराध नियंत्रण की सफलता केवल कार्रवाई के आंकड़ों में नहीं अपितु अपराधों में आई कमी में भी दिखाई देती है। वर्ष 2016 की तुलना में डकैती में 84.75 प्रतिशत, लूट में 82.75 प्रतिशत, हत्या में 44. 75 प्रतिशत, बलवा में 70.23 प्रतिशत, फिरौती के लिए अपहरण में 62.07 प्रतिशत, दहेज हत्या में 21.36 प्रतिशत तथा बलात्कार की घटनाओं में 58.17 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। ये आंकड़े पिछले 9.5 वर्षों में कानून व्यवस्था में आए सकारात्मक बदलाव को स्पष्ट रूप से रेखांकित करते हैं। महिला सुरक्षा को सरकार ने विशेष प्राथमिकता दी है। प्रदेश में सात नए महिला थाने, 78 महिला पुलिस चौकी परामर्श केंद्र तथा बड़ी संख्या में नए थाने और पुलिस चौकियां स्थापित की गई हैं। महिलाओं और कमजोर वर्गों के प्रति अपराध ों पर त्वरित कार्रवाई के साथ–साथ पुलिस तंत्र को अधि क संवेदनशील बनाया गया है। मानव तस्करी की रोकथाम के लिए 75 एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट थानों में परिवर्तित की गई हैं। आपातकालीन पुलिस सहायता व्यवस्था यूपी–112 को भी पिछले 9.5 वर्षों में अत्याध ुनिक बनाया गया है। वर्ष 2017 से 30 जून 2026 तक 7,16,84,344 आपात सहायता इवेंट तैयार कर नागरिकों को सहायता प्रदान की गई। वर्ष 2026 में यूपी–112 का रिस्पांस टाइम घटकर केवल 6 मिनट 11 सेकेंड रह गया। इससे स्पष्ट है कि संकट की घड़ी में नागरिकों तक पुलिस सहायता पहुंचाने की व्यवस्था को लगातार अधिक तेज और प्रभावी बनाया गया है। अपराधियों को गिरतार करने के साथ–साथ उन्हें न्यायालय से सजा दिलाना भी सरकार की प्राथमिकता रही है। इसी उद्देश्य से श्ऑपरेशन कन्विक्शनश चलाया गया। एक जुलाई 2023 से 30 जून 2026 तक 1,48,441 अभियुक्तों को दोषसिद्ध कराया गया। इनमें 105 अभियुक्तों को मृत्युदंड, 12,103 को आजीवन कारावास, 2,301 को 20 वर्ष से अधिक की सजा, 7,389 को 10 से 19 वर्ष तक की सजा और 11,110 अभियुक्तों को पांच से नौ वर्ष तक की सजा दिलाई गई। प्रभावी अभियोजन और मजबूत पैरवी ने न्याय व्यवस्था में आमजन का विश्वास मजबूत किया है। नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध भी पिछले 9.5 वर्षों में व्यापक अभियान चलाया गया। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने 4 अगस्त 2022 से 30 जून 2026 तक 445 अभियोगों में 1,213 अभियुक्तों को गिरतार किया। बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किए गए तथा प्रदेश में 3,98,484 किलोग्राम मादक पदार्थों का डिस्पोजल या विनष्टीकरण कराया गया। नशे के नेटवर्क को तोड़ने के लिए प्रवर्तन और जागरूकता दोनों स्तरों पर कार्य किया गया है। आतंकवाद और संगठित अपराध ा के विरुद्ध भी प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया। एंटी टेररिस्ट स्क्वायड के ढांचे का विस्तार करते हुए गाजियाबाद, अयोध्या और लखनऊ में स्पॉट का गठन, 18 फील्ड यूनिट और 11 ऑप्स टीम स्थापित की गईं। वर्ष 2017 से 30 जून 2026 तक पुरस्कार घोषित अपराधियों सहित विभिन्न मामलों में बड़ी संख्या में अपराध ियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। आतंकवादी गतिविधियों तथा संदिग्ध नेटवर्क से जुड़े लोगों के विरुद्ध भी प्रभावी कार्रवाई की गई।? भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति भी कानून व्यवस्था की समग्र अवधारणा का हिस्सा बनी। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की आठ नई इकाइयों की स्थापना की गई। वर्ष 2017 से 3 जुलाई 2026 तक विभिन्न विभागों के अधि कारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध 1,139 सफल ट्रैप तथा 2,169 सफल ट्रैप मामलों में कार्रवाई की गई। इससे सरकारी व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूती मिली। साइबर अपराध आज की सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौतियों में शामिल है। पिछले 9.5 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने इस क्षेत्र में भी मजबूत आधारभूत ढांचा तैयार किया है। सभी 75 जिलों में साइबर क्राइम थाने सक्रिय हैं और सभी जनपदीय थानों में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। मार्च 2026 में उत्तर प्रदेश साइबर लियन में 37.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ देश में प्रथम स्थान पर रहा। 30 अगस्त 2019 से 30 जून 2026 तक राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल और हेल्पलाइन 1930 के माध्यम से लगभग 874 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक की धनराशि फ्रीज कराई गई। साइबर धोखाध ड़ी से ठगी गई राशि में से 415.08 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि बरामद की गई। साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 1,11,504 पुलिसकर्मियों को ब्ल–ज्तंपद पोर्टल के माध यम से प्रशिक्षित किया गया। साइबर कमांडो के प्रशिक्षण और तैनाती की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। तकनीक और पुलिसिंग के इस समन्वय ने उत्तर प्रदेश पुलिस को आधुनिक अपराधों से निपटने के लिए अधि क सक्षम बनाया है। सोशल मीडिया के माध्यम से नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी उत्तर प्रदेश पुलिस ने अभिनव पहल की है। महाकुंभ–2025 में स्थापित आईसीसीसी एवं यूपी पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर को मेटा सुसाइड अलर्ट की अभिनव पहल के लिए वर्ष 2025 के प्रतिष्ठित श्स्कॉच अवार्डश से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि दर्शाती है कि उत्तर प्रदेश पुलिस केवल पारंपरिक पुलिसिंग के अलावा आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया का उपयोग कर नागरिकों के जीवन की रक्षा में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। अवैध ध र्मांतरण के विरुद्ध भी कानून के अनुरूप प्रभावी कार्रवाई की गई। उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 के अंतर्गत 27 नवंबर 2020 से 31 मई 2026 तक 1,527 अभियोग पंजी.त हुए और 3,936 अभियुक्त गिरतार किए गए। इनमें 1,315 अभियोगों में आरोप पत्र दाखिल किए गए। इसी प्रकार मानव तस्करी, मादक पदार्थों और संगठित अपराध के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर सुरक्षित सामाजिक वातावरण तैयार किया गया है। पुलिस कर्मियों के कल्याण को भी सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार माना है। अक्टूबर 2025 से जुलाई 2026 तक विभिन्न संस्थानों के साथ हुए समझौतों के माध्यम से हेल्थ कैंपों का आयोजन कर 63,943 पुलिस परिवारों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। प्रशिक्षित, स्वस्थ और आधुनिक संसाधनों से लैस पुलिस बल ही नागरिकों की सुरक्षा को प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कर सकता है। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था में आए बदलाव को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली है। एनसीआरबी–2023 के अनुसार उत्तर प्रदेश की दोषसिद्धि दर 87.8 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुनी है। यह मजबूत अभियोजन, प्रभावी पैरवी और अपराधियों को न्यायालय से सजा दिलाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पिछले 9.5 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने भय और असुरक्षा की छवि से निकलकर विश्वास और सुरक्षा की नई पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक सुरक्षित वातावरण में जीवन जी सके। व्यापारी निर्भय होकर कारोबार कर सके, महिलाएं सम्मान और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें, युवा सुरक्षित वातावरण में अपने सपनों को साकार कर सकें और समाज का कमजोर वर्ग न्याय के लिए स्वयं को अकेला न महसूस करे। 9.5 वर्षों की यह यात्रा कानून व्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में बदलते उत्तर प्रदेश की तस्वीर है। अपराधियों में कानून का भय और आमजन में सुरक्षा का विश्वास इस परिवर्तन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मजबूत पुलिसिंग, त्वरित आपात सहायता, अपराधियों की संपत्ति पर कार्रवाई, प्रभावी अभियोजन, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा और तकनीक आधारित पुलिस व्यवस्था ने मिलकर उत्तर प्रदेश को भयमुक्त और सुरक्षित प्रदेश बनाने की दिशा में मजबूत आध ार तैयार किया है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का संकल्प स्पष्ट है कि यहां कानून का राज सर्वोपरि रहेगा और प्रदेश में रहने वाला हर नागरिक सुरक्षित रहेगा। पिछले 9.5 वर्षों की उपलब्धियां इसी संकल्प की सशक्त अभिव्यक्ति हैं। आज उत्तर प्रदेश में सुरक्षा केवल शासन का दावा नहीं, अपितु करोड़ों नागरिकों के जीवन में दिखाई देने वाला परिवर्तन है। यही नए उत्तर प्रदेश की पहचान है।

आदर अदीब पावेल बन्धु
जिला सूचना अधिकारी
लखनऊ।

# पूर्व सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल का जल संकट पर लगातार जोर

## - खजुराहो में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात, परियोजना की प्रगति को लेकर हुआ मंथन

न्यूज वाणी ब्यूरो

खजुराहो, महोबा। बुंदेलखंड में सिंचाई और पेयजल संकट के स्थायी समाधान को लेकर लंबे समय से आवाज उठाते रहे हमीरपुर–महोबा–तिंदवारी क्षेत्र के पूर्व सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने शुक्रवार को खजुराहो एयरपोर्ट पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से भेंट की। इस दौरान बुंदेलखंड के विकास, जल संसाधनों के बेहतर उपयोग, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री के साथ केन–बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की समीक्षा बैठक में भी प्रतिभाग किया, जिसमें परियोजना की प्रगति और आगामी कार्यों को लेकर मंथन हुआ। केन–बेतवा नदी जोड़ो परियोजना को बुंदेलखंड के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जल संकट और सिंचाई की समस्या से लंबे समय से जूझ रहे इस क्षेत्र में परियोजना के माध्यम से सिंचाई का दायरा बढ़ाने, किसानों को जल उपलब्ध कराने तथा पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने की उम्मीद है। परियोजना के क्रियान्वयन से .षि, रोजगार और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलने की संभावना है। संसद में उठाई थी नदी जोड़ो परियोजना की मांग बुंदेलखंड में जल संकट को लेकर पूर्व सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल की सक्रियता लंबे समय से रही है। 21 जून 2019 को उन्होंने संसद में बुंदेलखंड के सिंचाई एवं पेयजल संकट का मुद्दा उठाते हुए नदी जोड़ो परियोजना की मांग रखी थी। तत्कालीन जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी उनकी मांग को जायज बताया था। इससे पहले वर्ष 2017 में पूर्व सांसद ने तत्कालीन जलशक्ति मंत्री उमा भारती के साथ हेलीकॉप्टर से बुंदेलखंड क्षेत्र का सर्वेक्षण किया था। इस दौरान सूखाग्रस्त क्षेत्रों में सिंचाई और पेयजल के लिए पानी की समस्या को प्रमुखता से सामने लाया गया था। क्षेत्र में लगातार घटते जलस्तर और सूखे की स्थिति को देखते हुए नदी जोड़ो परियोजना को बुंदेलखंड के लिए आवश्यक बताया गया था। 2021 में महोबा पहुंचे थे प्रधानमंत्री मोदी केन–बेतवा परियोजना को लेकर केंद्र सरकार की पहल के क्रम में 19 नवंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महोबा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने बुंदेलखंड में सिंचाई और पेयजल से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने केन–बेतवा लिंक परियोजना के समाधान का उल्लेख करते हुए इसे बुंदेलखंड के लिए महत्वपूर्ण परियोजना बताया था।



इसके बाद 22 मार्च 2021 को केंद्र सरकार तथा उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच केन–बेतवा लिंक परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर समझौता हुआ था। वहीं 8 दिसंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केन–बेतवा लिंक परियोजना के वित्तपोषण एवं क्रियान्वयन को औपचारिक मंजूरी दी थी। खजुराहो से परियोजना को मिला नया आयाम केन–बेतवा परियोजना के लिए एक और महत्वपूर्ण पड़ाव 25 दिसंबर 2024 को आया, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खजुराहो में केन–बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास किया। परियोजना के धरातल पर आगे बढ़ने के साथ बुंदेलखंड के लोगों की वर्षों पुरानी जल संकट से राहत की उम्मीद और मजबूत हुई है। अब पूर्व सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ समीक्षा बैठक में सहभागिता को इसी क्रम की महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। बैठक में परियोजना की प्रगति, कार्यों की गति और बुंदेलखंड को मिलने वाले लाभों को लेकर चर्चा हुई। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि परियोजना के कार्य निर्धारित समयसीमा में आगे बढ़ेंगे और आने वाले समय में बुंदेलखंड के किसानों तथा आमजन को सिंचाई एवं पेयजल संकट से बड़ी राहत मिलेगी।

# गुढ़ा रपटा व अर्जुन डैम के बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट

## - एसडीएम ने किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

चरखारी, महोबा। गुढ़ा रपटा एवं अर्जुन डैम में लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। शनिवार को उपजिलाधिकारी चरखारी अवनीश तिवारी ने एसओ चरखारी राहुल मिश्रा, ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों के साथ गुढ़ा रपटा और अर्जुन डैम का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। एसडीएम ने एसओ चरखारी राहुल मिश्रा को निर्देशित किया कि गुढ़ा रपटा पर चौकीदार एवं पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के साथ ही बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाए, ताकि बढ़े हुए जलस्तर के दौरान कोई व्यक्ति जोखिम उठाकर रपटा पार न कर सके। उन्होंने ग्राम प्रधानों को प्रत्येक गांव में बाढ़ निगरानी समिति गठित करने तथा मुनादी एवं डुग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों से कहा गया कि जलस्तर बढ़ने के दौरान गहरे पानी अथवा रपटे को पार करने का प्रयास न करें, क्योंकि इससे जान–माल का खतरा हो सकता है।



इसके अलावा एसडीएम ने एसओ एवं तहसीलदार को आसपास के गांवों में उपलब्ध नाव, नाव चालकों, तैराकों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों का मोबाइल नंबर सहित दस्तावेजीकरण कराने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध ा कराई जा सके। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि बढ़े हुए जलस्तर को देखते हुए विशेष सावधानी बरतें और गहरे जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा के .ष्टिगत किसी भी व्यक्ति को जान जोखिम में डालकर जलमग्न रपटे अथवा तेज बहाव वाले स्थानों को पार नहीं करना चाहिए।

# नाले में डूबे दो मासूम, एक को ग्रामीणों ने बचाया, दूसरे की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो /बांदा। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के अरबई गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव के नाले में नहाते समय दो बच्चे डूब गए। शोर मचने पर ग्रामीणों ने एक बच्चे को बचा लिया, जबकि दूसरे बच्चे की डूबकर मौत हो गई। नहाते समय हुआ हादसा जानकारी के अनुसार अरबई गांव के दो बच्चे दोपहर के समय गांव के बाहर नाले में नहाने गए थे। नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए और डूबने



लगे। बच्चों की चीख–पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद एक बच्चे को बाहर निकाल लिया। जब तक दूसरा बच्चा मिला, उसकी सांसे थम चुकी थीं। 'पुलिस और गोताखोरों ने निकाला शव घटना की सूचना मिलते ही देहात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से काफी खोजबीन के बाद बच्चे के शव को नाले से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

# महिला समेत तीन ने फांसी लगाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

तेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत बीते 24 घन्टो के अंतराल में महिला समेत तीन लोगो ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने तीनों षवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के खंडे देवर गांव निवासी नफीस की पत्नी अलीशा उर्फ निशा ने घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसी प्रकार थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम मिचकी रहिमापुर गांव निवासी जयकरन का 31 वर्षीय पुत्र जितेन्द्र ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं मृतक के पिता ने बताया कि बहू प्रेमलता से किसी बात को लेकर कहा सुनी हुयी थी। जिसको लेकर पुत्र ने घटना को अंजाम दे दिया। इसी तरह खखरेरू थाना क्षेत्र के पौली गांव निवासी फखरूल रहमान का 66 वर्षीय पुत्र शबिर हसन ने मानसिक तनाव के चलते घर के आंगन में जाल में रस्सी का फन्दा डाल कर आत्महत्या कर ली। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने तीनो शवों को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# रसोइयों का मानदेय बढ़ा, सम्मान के साथ मिला कैशलेस कार्ड

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नानपारा और पयागपुर तहसील सभागार में रविवार को रसोइया सम्मान एवं सरकार की विभिन्न सुविधाओं के शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान रसोइयों को सम्मानित करने



के साथ कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। पयागपुर में विधायक सुभाष त्रिपाठी ने बताया कि रसोइयों का मानदेय 2000 से बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह किया गया है। साथ ही दो लाख रुपये की दुर्घटना बीमा योजना का लाभ भी मिलेगा। उन्होंने 21 रसोइयों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। नानपारा में भी रिंकी देवी, रीता देवी, सीता देवी समेत रसोइयों को सम्मानित कर चिकित्सा कार्ड दिए गए। कार्यक्रमों में अधिकारियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में रसोइयों की मौजूदगी रही।

# जर्जर पंचायत भवन, खराब हैंडपंप से ग्रामीण परेशान

न्यूज वाणी ब्यूरो

पयागपुर, बहराइच। ग्राम शिवशंकर पुरवा दाखिला सहस्रावा में सरकारी हैंडपंप कई वर्षों से खराब पड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मरम्मत व रिबोर के नाम पर कई बार धन खर्च होने के बावजूद हैंडपंप शोपीस बना है। वहीं गांव के कई अन्य हैंडपंप दूषित पानी दे रहे हैं। शिवशंकर पुरवा का पंचायत भवन भी जर्जर होकर बदहाल है और छत से पानी टपकता है। ग्रामीणों ने हैंडपंपों की मरम्मत और पंचायत भवन के जीर्णोद्धार की मांग की है।

# रोडवेज बस की टक्कर से अनियंत्रित हुई एक्सयूवी

न्यूज वाणी ब्यूरो

पयागपुर, बहराइच। गोंडा जा रही एक्सयूवी को तुलसीराम पुरवा–सोहरियावां नहर के पास पीछे से रोडवेज बस ने ओवरटेक के दौरान टक्कर मार दी। इससे अनियंत्रित एक्सयूवी आगे चल रही दूसरी रोडवेज बस से जा भिड़ी। टक्कर मारने वाली बस भी नहर के डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में एक्सयूवी सवार द्वारिका नाथ शुक्ल और उनके पुत्र अखिलेश बाल–बाल बच गए। बस संख्या यूपी 43 टी 7345 बताई गई है।

# चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो /नानपारा, बहराइच। कोतवाली नानपारा पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरतार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के एक बटुले, कल्छुल और चार थालियां बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार 18/19 अगस्त की रात बदलू भगत पुरवा निवासी जोगेंद्र के घर चोरी हुई थी। मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की गई। सूचना के आधार पर पुलिस ने अशरफुल (55), रुस्तम (20) और दुर्गेश को गिरतार कर लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद तीनों को न्यायालय भेज दिया गया।






# शिक्षकों व रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा की सौगात

## - तीस शिक्षकों को मिले प्रतीकात्मक कार्ड

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइयों एवं अन्य कर्मचारियों के अलावा आश्रितों को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को रानी चंद्रप्रभा महाविद्यालय में विधानसभा स्तरीय रसोइया सम्मान समारोह एवं मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के तीस शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड वितरित किए गए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष गीता सिंह, समीक्षा अधिकारी यतीन्द्र कुमार मिश्र एवं एडीओ .षि देवेंद्र कुमार मिश्र मौजूद रहे। संचालन डॉ. अम्बिका प्रसाद मिश्र ने किया। नोडल अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी हथगाम नरेंद्र सिंह ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों, रसोइयों एवं अन्य कर्मचारियों



तथा उनके आश्रितों के स्वास्थ्य संरक्षण और आर्थिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक लाभार्थी परिवार को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे गंभीर बीमारी अथवा महंगे उपचार की स्थिति में परिवारों को आर्थिक परेशानी से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा वाराणसी से किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। डीबीटी के माध्यम से एक करोड़ से अधिक बच्चों को 1200 रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने शिक्षक–कर्मचारियों के वेतन खाते भारतीय स्टेट बैंक में होने पर प्रस्तावित एमओयू के तहत मिलने वाले विभिन्न लाभों की भी जानकारी दी। एसडीएम ने भी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए लागू मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के 30 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड प्रदान किए गए। वहीं रसोइयों के सम्मान के माध्यम से उनके योगदान को भी सराहा गया। कार्यक्रम के अंत में जिला महामंत्री विजय कुमार त्रिपाठी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री विजय कुमार त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, आकाश कुमार सिंह, एआरपी रघुराज मौर्य, समर बहादुर सिंह, दीपक मौर्य, शेष नारायण दुबे, अजय सिंह, हरि भूषण सिंह, रंजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# 12 सितंबर को एसपी कार्यालय का घेराव करेगी भाकियू

## – मासिक बैठक में समस्याओं पर चर्चा, ब्लाक घेराव की तिथियां भी घोषित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि बारह सितंबर को पुलिस अध ीक्षक कार्यालय का घेराव किया जाएगा। साथ ही ब्लाक घेराव की तिथियां भी घोशित कर दी गई। बैठक का आयोजन नहर कालोनी प्रांगण में हुआ। अध यक्षता राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेन्द्र सिंह ने की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जिले में बंद पड़ी सहकारी समितियों को तत्काल प्रभाव से चालू करवाया जाए, समस्त समितियों में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जल जीवन मिशन के तहत अर्धनिर्मित पानी की टंकियों को बनवाया जाए, जो बन चुकी हैं उनमें पानी की सप्लाई सुचारू रूप से कराई जाए, नहरों में पर्याप्त पानी छोड़ा जाए, जनपद में अघोषित विद्युत कटौती पर रोक लगाई जाए, जनपद के किसानों पर दर्ज आंदोलन के सभी मुकदमे वापस लिए जाएं, खागा तहसील के अंतर्गत पशुओं की चिकित्सा हेतु 1962 टोल फ्री गाड़ी की व्यवस्था है लेकिन ऐरायां व विजयीपुर ब्लाक में यह व्यवस्था नहीं लागू की गई है। इसे तत्काल लागू कराया जाए, खतौनी में अंश निर्धारण व नाम सुधरवाने का कार्य सफलतापूर्वक करवाया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि समस्याओं को लेकर तीस सितंबर को मलवां ब्लाक, पांच सितंबर को असोथर ब्लाक के अलावा बारह सितंबर को बाजार में भी पंचायत का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अशोक उत्तम, रामसहाय पटेल, देवनरायन



पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया जाएगा। तीस अगस्त को मुचुवापुर में पंचायत तथा पंद्रह सितंबर को मांझे का पुरवा उमरिहा पटेल, नवल पटेल, दिनेश शुक्ला, नागेन्द्र सिंह यादव, प्रमोद साहू, भानु पटेल, मोहित चंदेल, दीपू मिश्रा भी मौजूद रहे।

# बाबा बागेश्वर की शोभा यात्रा में उमड़ा कसौंधन वैश्य समाज

## - मेधावी बच्चों व बुजुर्गो का हुआ सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कसौंधन वैश्य सेवा समिति की ओर से रविवार को



समाज के इष्टदेव बाबा बागेश्वर की झांकी एवं शोभा यात्रा निकाली गई। पटेल नगर चौराहा से निकली शोभा यात्रा में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तत्पश्चात एक मैरिज हाल में विधि–विधान से रुद्राभिषेक एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। समाज के लोगों ने बाबा बागेश्वर का पूजन–अर्चन कर सुख–समृद्धि की कामना की। समाज के बुजुर्गों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सम्मान पाकर मेधावी बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। अध्यक्ष अजय कुमार (सद्दाम) एवं जिला महामंत्री रमाशंकर कसौंधन ने कहा कि समाज को एकजुट और मजबूत बनाने के साथ ही निर्बल एवं असहाय लोगों की हरसंभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने तथा नई पीढ़ी को शिक्षा और संस्कारों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। अंतिम चरण में बच्चों ने विभिन्न सांस्.तिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों पर मौजूद लोगों ने जमकर तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर रामकिशोर, रामनारायण, प्रेमचंद्र, रामबाबू, राहुल, अशोक, बिल्लू, रामभवन, रुद्र शंकर, आर्यन, महेश कसौंधन समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने ईस्ट जोन में लहराया परचम

## - 5 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदकों के साथ 10 खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का गौरव

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भदोही स्थित बीपीएमजी पब्लिक स्कूल में 17 से 21 अगस्त तक आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026–27 में ताइक्वांडो के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 10 पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों ने उत्.ष्ट खेल कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर का गौरव बढ़ाया। अंडर–14 वर्ग में श्रेयांश ने बॉयज अंडर 23 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। अंभि मौर्या ने गर्ल्स अंडर 24 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि रुद्रांशी शर्मा ने गर्ल्स अंडर 29 किग्रा में कांस्य पदक अपने नाम किया। अंडर–17 वर्ग में भी खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। रुद्र प्रताप ने बॉयज अंडर 38 किग्रा में रजत पदक, जबकि सानिध्य कटियार ने अंडर 48 किग्रा में कांस्य पदक हासिल किया। गर्ल्स अंडर 42 किग्रा में वैष्णवी यादव ने स्वर्ण पदक और दक्षिता ने कांस्य पदक जीतकर टीम की पदक तालिका को मजबूत किया। अंडर–19 वर्ग में अभिनव कुशवाहा ने बॉयज अंडर 45 किग्रा और शौर्य सिंह ने अंडर 48 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं जैस्मिन चौहान ने अंडर–19 अंडर 42 किग्रा में रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पदक विजेता खिलाड़ियों के अलावा अंडर–14 बॉयज वर्ग में कार्तिक, वंश, वेदांत, रुद्र, आयुष और करण, अंडर–14 गर्ल्स में कनिष्का, अंडर–17 बॉयज में आरव, जैत्र और ज्ञानेंद्र तथा अंडर–17 गर्ल्स में सामिया ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इटावा ताइक्वांडो के सचिव हिमांशु यादव ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने बताया कि ईस्ट जोन में पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ी अब 20 से 24 सितंबर तक सोनीपत, हरियाणा में आयोजित होने वाली सीबीएसई नेशनल




ताइक्वांडो चौंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। संयुक्त सचिव रोहित द्विवेदी एवं हरिसगोविंद ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ईस्ट जोन स्तर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन खिलाड़ियों की प्रतिभा और कठिन प्रशिक्षण को दर्शाता है। कोषाध्यक्ष नबिला ने कहा कि बच्चों की मेहनत को पदकों के रूप में परिणाम मिलता देख बेहद गर्व और खुशी हो रही है। मैनेजमेंट हेड श्याम ने खिलाड़ियों के आत्मविश्वास और संघर्ष की सराहना करते हुए इसे उनकी कड़ी तैयारी का परिणाम बताया। मीडिया हेड तरुण रंजन ने कहा कि ईस्ट जोन में शानदार प्रदर्शन के बाद इटावा ताइक्वांडो की टीम अब सोनीपत में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की तैयारियों में जुट गई है। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन से खेल जगत में उत्साह का माहौल है।

# परशुराम सेवा समिति की बैठक सम्पन्न

## – आर्थिक आरक्षण के लिए 24 अगस्त को डीएम को ज्ञापन दिया जायेगा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। परशुराम सेवा समिति उ.प्र. (रजि.) की एक आवश्यक बैठक रविवार को गुरुकुल एकेडमी ब्रह्मानगर में सम्पन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक ओमप्रकाश दुबे ने की। संचालन प्रदेश महामंत्री जयशिव मिश्रा ने किया स बैठक में परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने बताया कि परशुराम सेवा



समिति ने दिल्ली में जंतर मंतर पर सवर्ण समाज के समर्थन की घोषणा की है स उन्होंने बताया कि परशुराम सेवा समिति के पदाधि ाकारी 24 अगस्त दिन सोमवार को प्रात 10 बजे जिलाधिकारी को आर्थिक आरक्षण लागू किये जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देगें। इसके साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन शुरू किया जायेगा। इस मौके पर परशुराम सेवा समिति के संरक्षक आनन्द प्रकाश नारायण दुबे, संरक्षक अनिल दुबे, प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी, भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी केके त्रिपाठी, सर्वेश कुमार शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्रदेव दुबे, गोपाल मिश्रा, आशुतोष त्रिपाठी, युवा जिलाध्यक्ष राज तिवारी, पियूष दीक्षित, राजीव दुबे आदि पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# नवनिर्मित नाले का पानी बह रहा सड़क पर राहगीरों के लिए बना आफत

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। लहरपुर नगर पालिका जहां एक तरफ आदर्श नगर पालिका का दावा करती है तो वही दूसरी ओर लहरपुर नगर की कितनी सफाई है और कितना साफ सुथरा लहरपुर है यह तस्वीरों में स्वयं बयां हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला बागवानी टोला में स्थित कुरैशी समाज के निवासियों के सामने एक मस्जिद बनी है और उस मस्जिद से सटा रास्ता सीधे शहर बाजार मुख्य मार्ग पर निकलता है। जहां रोड से सटा हुआ नाला एक वर्ष पूर्व बना जो कि गड़बड़ हो गया था और मोहल्ला वासियों के अनुसार अभी लगभग 20 दिन पहले भी मरम्मत हुई थी लेकिन उक्त नाले का पानी रोड पर ही बहता नजर आता है। आप खुद अंदाजा लगा सकते है कि एक वर्ष पूर्व नाला बना उसके बाद उसकी दोबारा मरम्मत कराई गई उसके बावजूद नाले की स्थित ज्यों



की त्यों बनी हुई है। नाले के बाहर यह बहता पानी ,पानी नहीं ये भ्रष्टाचार का कुंवा है जो अब भर चुका है भरे हुए कुंए के बहते पानी को कभी मिट्टी से तो कभी रबिश से पाटा जाता है ।लेकिन अब हो भी तो क्या हो जेई ने स्टीमेट बनाया लाखों का बजट पास हुआ ठेकेदार ने ठेका लिया सभी को कमीशन मिला और बन गया कीचड़ में नाला बहा दिया मोहल्ले का पानी अब सवाल यह उठता है कि एक वर्ष के अन्दर बना नाला गड़बड़ हो जाना? और गड़बड़ होने के बाद मरम्मत करके दुबारा भी सही न होना यह स्वयं में एक बड़ा सवाल खड़ा करता है? स्थानीय लोगों के अनुसार शुक्रवार को नमाजियों को नमाज पढ़ने और मस्जिद से वापस आने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। समाचार प्रकाशन के बाद नपा लहरपुर के विकास कार्य में कोई बदलाव होगा या पानी भर जाने की समस्या जस की तस बनी रहेगी।




# करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ग्राम दरियापुर इजुरा बुजुर्ग में बुआ की तेरहवीं में गये 25 वर्षीय युवक रविवार की सुबह फर्राटा पंखा की चपेट में आ जाने से मौके में पर ही उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी स्व0 शिव भूषण का पुत्र अनूप बुधवार को अपनी मृतक बुआ राजकली के तेरहवीं में गया था। बताते है कि रविवार की सुबह लगभग 8 बजे फर्राटा पंखा घुमाते समय अचानक वह करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर पुलिस ने मौके में पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# रील से ज्यादा रोल सुधारो, बड़े लक्ष्य को पाना है...

## - 451 वीं साप्ताहिक सरस काव्य गोष्ठी में कवियों ने बांधा समां

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में रविवार को शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले 451वीं साप्ताहिक रविवासरीय सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केपी सिंह कछवाह ने की, जबकि संचालन आयोजक शैलेन्द्र



कुमार द्विवेदी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में मंदिर के पुजारी विजय कुमार शुक्ल मौजूद रहे।

काव्य गोष्ठी का शुभारंभ अध्यक्ष केपी सिंह कछवाह ने मां सरस्वती की वाणी वंदना से किया। उन्होंने अपनी रचना के माध्यम से मां सरस्वती से कुमति का नाश कर अंतरूकरण को पवित्र करने की प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने एकादशी व्रत के महत्व पर आधारित पंक्तियां प्रस्तुत कर श्रद्धा और भक्ति का भाव जगाया। काव्य पाठ के क्रम में डॉ. सत्य नारायण मिश्र ने राम नाम की महिमा और सांसारिक मोह–माया पर आधारित रचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि मनुष्य को जगत के जंजाल से दूर होकर राम नाम का स्मरण करना चाहिए। उनकी रचना को श्रोताओं ने सराहा। डॉ. शिवसागर साहू ने अपनी रचना के माध्यम से न्याय व्यवस्था में मुकदमों के शीघ्र निस्तारण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने में अत्यधिक विलंब होने से वादियों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं प्रदीप कुमार गौड़ ने अपनी रचना के जरिए युवाओं को सोशल मीडिया की आभासी दुनिया से आगे बढ़कर जीवन में वास्तविक लक्ष्य हासिल करने का संदेश दिया। उनकी पंक्तियां रील से ज्यादा रोल सुधारो, बड़े लक्ष्य को पाना है। सब मिलकर अपने भारत को, विकसित राष्ट्र बनाना है" पर खूब तालियां बजीं। आयोजक एवं संचालक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने भारत के चंद्र मिशन की सफलता की स्मृति में मुक्तक प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि एवं मंदिर के पुजारी विजय कुमार शुक्ल ने उपस्थित कवियों और अतिथियों को आशीर्वाद प्रदान किया। काव्य गोष्ठी में साहित्य, भक्ति, सामाजिक सरोकार और राष्ट्रभावना से जुड़ी रचनाओं ने श्रोताओं को देर तक बांधे रखा।

# नवयुवक कांवरिया संघ की कांवड़ यात्रा डीजे की धुन पर रवाना

## *– भिटौरा से गंगाजल लाकर आज करेंगे तांबेश्वर मंदिर में जलाभिषेक*

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सावन के चौथे सोमवार पर नवयुवक कांवरिया संघ की देवाधिदेव महादेव भगवान भोले शंकर की झांकी व कांवड़ यात्रा धूमधाम से रविवार को डीजे की धुन पर भिटौरा घाट के लिए रवाना हो गई। रास्ते पर यात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते रहे। कल (आज) भिटौरा घाट से गंगाजल लाकर



तांबेश्वर मंदिर स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। नवयुवक कांवरिया संघ के संस्थापक /जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश त्रिपाठी की अगुवाई में देवाधिदेव महादेव भगवान भोले शंकर की झांकी व कांवड़ यात्रा निकाली गई। शहर के वर्मा चौराहा स्थित उनके आवास से झांकी व यात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरूष व बच्चों ने हिस्सा लिया। भव्य तरीके से सजाई गई भगवान भोलेनाथ की झांकी आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। डीजे की धुन पर श्रद्धालु व झांकी भिटौरा घाट के लिए निकली। शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए भिटौरा घाट पहुंचेगी। रास्ते पर गीत, संगीत की धुन पर श्रद्धालु नाचते रहे। जिलाध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने बताया कि भिटौरा घाट में भंडारे का भी आयोजन होगा। जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में षामिल होंगे। उन्होने कहा कि कल (आज) कांवड़ यात्रा गंगाजल लेकर तांबेश्वर मंदिर पहुंचेगी, जहां शिवलिंग पर जलाभिषेक किया जायेगा। उन्होने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिरकत करने की अपील की है। इस मौके पर अरूण त्रिपाठी, सविता अवस्थी, आयूष अवस्थी, वीरेन्द्र मिश्रा, करूणेश, धरमपाल, पवन, निक्की चौरसिया, राजा माली, संदीप केशरवानी, रवी, महेन्द्र केशरवानी, छोटू चौरसिया, शालिनी बाजपेयी, चेतन बाजपेयी, अंकित मिश्रा, राहुल मिश्रा, सरवन कुमार, मिलन, गुन्नू, बबलू तिवारी, पुत्तीलाल हलवाई, शिवम आदि मौजूद रहे।

# जिले में एक लाख सदस्य बनाने का क्षत्रिय महासभा ने लिया संकल्प

## - 20 से अधिक पदों पर नए पदाधिकारियों की ताजपोशी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए रविवार को कार्यकारिणी विस्तार कार्यक्रम आयोजित कर विस्तार अभियान का बिगुल बजा दिया। कलेक्टरगंज में जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सर्वसम्मति से विभिन्न प्रकोष्ठों एवं पदों पर नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष ने माला पहनाकर एवं लड्डू खिलाकर स्वागत किया और संगठन की जिम्मेदारियों की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में रंजना सिंह को जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, तिलकराज सिंह चौहान को जिलाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, देवेश सिंह को सोशल मीडिया प्रभारी युवा, आरपी सिंह भदौरिया को जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, समरवीर सिंह चौहान को जिला उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष, .ष्ण कुमार सिंह को जिला उपाध्यक्ष,



डॉ. अभिषेक सिंह को जिलाध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ, रवि परिहार को जिला उपाध्यक्ष युवा तथा पंकज सिंह तोमर को बहुआ ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी तरह दीपक सिंह चौहान को जिलाध्यक्ष युवा विधि प्रकोष्ठ, महेश सिंह और शिवम सिंह भदौरिया को जिला उपाध्यक्ष युवा विधि प्रकोष्ठ, अजीत सिंह भदौरिया को जिला उपाध्यक्ष युवा, लोकेंद्र सिंह को जिला उपाध्यक्ष, शौर्य प्रताप सिंह को नगर अध्यक्ष युवा, सुधांशु सिंह परिहार को नगर उपाध्यक्ष युवा, चंदन सिंह राणा को जिला संगठन मंत्री युवा प्रकोष्ठ, अभिमन्यु ठाकुर को नगर मंत्री युवा, अंशुमान सिंह को नगर उपाध्यक्ष तथा मदन सिंह परिहार को जिला उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर ने घोषणा किया कि प्रत्येक रविवार नगर, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यकारिणी विस्तार अभियान लगातार चलाया जाएगा। जिले में एक लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे जल्द पूरा करने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष प्रयागराज नागेंद्र सिंह चौहान, अमित सिंह परिहार, शैलेंद्र सिंह, राज सिंह भदौरिया, मनोज कुमार सिंह, अमर सिंह गौर, मधु सिंह भदौरिया, लक्ष्मी सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।

# त्योहार से पहले चीनी के दामों में लगी आग

## - सत्तर रुपये किलो तक पहुंचा भाव, जमाखोरी की चर्चाओं से हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। त्योहारों का मौसम शुरू होने से पहले ही चीनी के दामों में अचानक आए उछाल ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। जिले के बाजारों में चीनी के फुटकर भाव 65 से 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंचने की बात सामने आ रही है। वहीं कुछ समय पहले तक करीब 4500 से 4600 रुपये प्रति कुंतल बिकने वाली चीनी अब थोक बाजार में 5900 से 6000 रुपये प्रति कुंतल तक पहुंच गई है। अचानक बढ़े दामों ने उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। त्योहारों से ठीक पहले कीमतों में इस तरह की तेजी को लेकर बाजार में जमाखोरी और कालाबाजारी की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। बताया जा रहा है कि चीनी के थोक भाव में अचानक हुई बढ़ोतरी का सीधा असर फुटकर बाजार पर पड़ा है। शुगर स्टॉकिस्टों का कहना है कि मिलर्स की ओर से चीनी के दाम बढ़ाए गए हैं। थोक में महंगी खरीद होने के कारण फुटकर विक्रेताओं को भी बढ़े हुए दामों पर बिक्री करनी पड़ रही है। हालांकि, कीमतों में इतनी बड़ी तेजी के पीछे वास्तविक कारण क्या है, इसे लेकर बाजार में स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। त्योहारों के दौरान घरों में मिठाई, पकवान और अन्य खाद्य सामग्री बनाने के लिए चीनी की मांग सामान्य दिनों की अपेक्षा बढ़ जाती है। ऐसे समय में चीनी के दामों में अचानक उछाल ने गृहणियों और आम उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लोगों का कहना है कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता के सामने अब त्योहार मनाना भी महंगा पड़ता जा रहा है। दूसरी ओर, चीनी की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी के बीच जमाखोरी और कालाबाजारी को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। चर्चा है कि त्योहारों में मांग बढ़ने की संभावना को देखते हुए कहीं कारोबारी बड़े पैमाने पर चीनी का स्टॉक तो नहीं रोक रहे हैं। हालांकि, किसी कारोबारी द्वारा जमाखोरी किए जाने की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और इसकी वास्तविकता संबंधित विभाग की जांच के बाद ही सामने आ सकेगी। कीमतों में



उछाल और जमाखोरी की शिकायतों को देखते हुए जिला प्रशासन के स्तर से भी बाजार पर निगरानी बढ़ाए जाने की बात कही जा रही है। संबंधित अधिकारियों को स्टॉक की जांच करने और कहीं अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाने की जानकारी है। ऐसे में अब देखना होगा कि बाजार में चीनी के स्टॉक और थोक–फुटकर कीमतों की जांच के बाद क्या तस्वीर सामने आती है। त्योहार से ठीक पहले चीनी के दामों में करीब 10 से 20 रुपये प्रति किलो तक की बढ़ोतरी ने आम आदमी के घरेलू बजट पर सीधा असर डाला है। उपभोक्ताओं की नजर अब जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है। यदि जांच में जमाखोरी या कालाबाजारी सामने आती है तो जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के साथ–साथ बाजार में चीनी के दामों को नियंत्रित करना प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती होगी।

# नेग के एरिया बंटवारे को लेकर किन्नरों के दो गुट भिड़े

## - प्रेमनगर चौराहे पर मारपीट की स्थिति बनने पर मची अफरा-तफरी
## - बाहरी लोगों को साड़ी पहनाकर लाने का आरोप, पुलिस ने पहुंचकर कराया शांत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के प्रेमनगर कस्बे में रविवार अस्थायी निवासी आरामपुर बसई थाना सुल्तानपुर घोष और दूसरे पक्ष के महेश उर्फ महेक सरोज में ढोलक लगाकर बधाई नेग लेने जा रहे हैं। सपना पक्ष का कहना है कि प्रेमनगर उनके तय



को बधाई नेग लेने के लिए तय किए गए क्षेत्र के बंटवारे को लेकर किन्नरों के दो गुट आमने–सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते मामला हाथापाई तक पहुंच गया। मंडवा मोड़ पर हुए हंगामे से राहगीरों और आसपास के दुकानदारों में अफरा–तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा–बुझाकर मामला शांत कराया। जानकारी के अनुसार प्रथम पक्ष की सपना सिंह यादव निवासी सलेमपुर मंडवा के बीच बीती ग्यारह अगस्त को उनके गुरु भाइयों की मौजूदगी में बधाई नेग लेने के क्षेत्र का आपसी बंटवारा हुआ था। बताया गया कि कथित समझौते के तहत सपना पक्ष को सुल्तानपुर घोष से लेकर एकाउनागढ़ मजरे रसूलपुर भंडरा तक, जबकि महेक पक्ष को मोहम्मदपुर गौती कसार से अफोई जनपद सीमा तक का क्षेत्र दिया गया था। रविवार को महेक पक्ष की ओर से सपना को फोन कर बताया गया कि वे प्रेमनगर कस्बे क्षेत्र में आता है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते कहासुनी ने हाथापाई का रूप ले लिया और मंडवा मोड़ पर हंगामा शुरू हो गया। सपना पक्ष ने आरोप लगाया कि विवाद के बाद महेक अपने साथ कौशाम्बी जनपद के अझुआ क्षेत्र से करीब 10 से 15 युवकों को साड़ी पहनाकर मौके पर लेकर आए। आरोप है कि इन लोगों ने सपना के साथ मारपीट की। घटना की जानकारी मिलने के बाद सपना की गुरु–बहन आरती श्रीवास्तव समेत खागा क्षेत्र से बड़ी संख्या में किन्नर मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों के आमने–सामने आने से मंडवा मोड़ पर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। हंगामे के दौरान सपना पक्ष की ओर से आरोप लगाया गया कि महेक के साथ आए कुछ लोग वास्तविक किन्नर नहीं थे। पक्ष का दावा है कि मौके पर चार लोगों के कपड़े फाड़कर उनकी कथित पहचान सामने लाने का प्रयास किया गया। इसके बाद मौके पर 'नकली किन्नरों' को लेकर चर्चाएं शुरू हो गईं। हालांकि, किसी व्यक्ति के किन्नर होने या न होने संबंधी आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। इसी तरह सपना द्वारा महेश उर्फ महेक के पूर्व जीवन और पहचान को लेकर लगाए गए आरोपों की भी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे आरोपों की सत्यता पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। हंगामे की सूचना मिलते ही सुल्तानपुर घोष थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझा–बुझाकर शांत कराया। पुलिस की मौजूदगी के बाद स्थिति सामान्य हुई।

## संक्षिप्त समाचार

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोप से संबंधित मामले में



आरोपी को गिरतार कर लिया। गिरतार आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार हुसैनगंज थाने में दर्ज मु0अ0सं0 202/2026 में धारा 69/351(3) बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित चल रहे आरोपी मोहित कुमार पुत्र होरीलाल निवासी ग्राम शाहपुर कोढ़इया थाना हुसैनगंज को गिरतार किया गया। गिरतारी के बाद आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। आरोपी की गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 यशकरण सिंह, महिला उपनिरीक्षक नीतू त्रिपाठी, कांस्टेबल संतोष यादव शामिल रहे।

# आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरतारी तथा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना धाता पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरतार किया है।

पुलिस के अनुसार 22 अगस्त को थाना धाता पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 158/2026, धारा 69/108/351(3) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त सुभाष कुमार राजपूत पुत्र संतोष कुमार निवासी ग्राम नौलिया माफी थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरतार किया। गिरतार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद 23 अगस्त को उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी किशनपुर थाना धाता उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, कांस्टेबल दीपू व अनवरूल हसन शामिल रहे।

# रसोइयों को सीएम का रक्षाबंधन पर तोहफा, मानदेय हुआ तीस हजार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रक्षाबंधन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूलों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने वाले रसोइयों को बड़ी सौगात दी है। रसोइयों का मासिक मानदेय 2000 से बढ़ाकर 3000 कर दिया गया है। इसके साथ ही वर्ष में मिलने वाला वस्त्र–परिधान भत्ता भी दोगुना कर 500 से 1000 कर



दिया गया है। वहीं गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए रसोइयों को पांच लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा और किसी अनहोनी की स्थिति में परिवार को दो लाख की सामाजिक सुरक्षा गारंटी देने की घोषणा की गई है।

मुख्यमंत्री की इन घोषणाओं के उपलक्ष्य में जिले की सभी छह विधानसभाओं में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में रसोइयों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किए गए। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर में आयोजित मुख्य रसोइया सम्मान समारोह का लाइव प्रसारण भी सभी विधानसभा क्षेत्रों में किया गया। सदर विधानसभा में गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में पूर्व सदर विधायक भाजपा विक्रम सिंह, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्य की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। अयाह शाह में विधायक विकास गुप्ता, जहानाबाद में विधायक राजेंद्र पटेल तथा बिंदकी में विधायक जयकुमार सिंह जैकी की मौजूदगी में आयोजन हुआ। खागा विधानसभा में ब्लाक प्रमुख विकास पासवान सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, जबकि हुसैनगंज विधानसभा क्षेत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह समेत अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री की घोषणाओं के बाद कार्यक्रम स्थलों पर मौजूद रसोइयों में खुशी की लहर दौड़ गई। रसोइयों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ घोषणाओं का स्वागत करते हुए सरकार के प्रति आभार जताया। कार्यक्रमों में शिक्षा विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभिन्न विकासखंडों से आए रसोइये बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )